राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# गौरवशाली भारत

दिल्ली से प्रकाशित

R.N.I. NO. DELHIN/2011/38334 वर्ष- 10, अंक- 214 पृष्ठ - 08, नई दिल्ली, मंगलवार ,26 जनवरी 2021, मूल्य रु. 1.50

## एक नज़र...

### वापस हो कृषि कानून, गणतंत्र दिवस पर न शुरू हो नई परंपरा : मायावती

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार से तीनों नए कृषि कानून वापस लेने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर किसी नई परम्परा की शुरूआत न हो। मायावती ने आज ट्विटर के माध्यम से लिखा है, बसपा का केन्द्र सरकार से पुनः अनुरोध है कि आन्दोलित किसानों की मांगों में से खासकर तीन कृषि कानूनों को जरूर वापस ले लेना चाहिए, ताकि कल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर किसी नई परम्परा की शुरूआत न हो तथा न ही दिल्ली पुलिस के संदेह के मुताबिक कोई गलत व अनहोनी हो सके। इससे पहले उन्होंने लिखा था कि काफी समय से दिल्ली की सीमाओं पर आन्दोलन कर रहे किसानों व केन्द्र सरकार के बीच वार्ता एक बार फिर से नाकाम रही, जो अति-चिन्ता की बात है। केन्द्र से पुनः अनुरोध है कि नए कृषि कानूनों को वापस लेने की किसानों की मांग को स्वीकार करके इस समस्या का शीघ्र समाधान करे। ज्ञात हो कि कृषि सुधार कानूनों का विरोध कर रहे किसानों को लंबी जद्दोजहद के बाद आखिर पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर परेड निकालने की इजाजत दे दी। 26 जनवरी को राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड खत्म होने के बाद किसान दिल्ली के तय रूटों पर ही ट्रैक्टर परेड निकाल सकेंगे। सिर्फ सिंघु, टीकरी व गाजीपुर बार्डर पर परेड निकालने की इजाजत दी गई है।

### आजमगढ़ में अखिलेश का बनेगा पार्टी कार्यालय

**आजमगढ़।** समाजवादी पार्टी ने आजमगढ़ में अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के लिए कार्यालय स्थापित करने के लिए 4,374 वर्ग मीटर का प्लॉट खरीदा है। आजमगढ़ लोकसभा में संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है। अनवरगंज में जमीन खरीदी जा चुकी है, जिसके बाद इस मामले में राजनीति दांव-पेंच शुरू हो गए हैं। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने आजमगढ़ का दौरा किया और अखिलेश यादव पर तीखा हमला किया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हवलदार यादव के अनुसार, पार्टी प्रमुख के संसदीय क्षेत्र का निर्माण जल्द ही शुरू होगा और 2022 के उत्तर प्रदेश चुनावों से पहले तैयार होने की उम्मीद है। बलराम यादव और दुर्गा प्रसाद यादव सहित सपा नेताओं ने कहा कि एक भव्य पार्टी कार्यालय पूर्वांचल में पार्टी के आधार का विस्तार करने और 2022 के चुनावों से पहले अपने वोट बैंक को मजबूत करने में मदद करेगा।

### भारत और चीन के सैनिकों के बीच मामूली झड़प

**नई दिल्ली।** पिछले काफी लंबे समय से पूर्वी लद्दाख क्षेत्र में नियंत्रण रेखा पर तनाव के बीच एक-दूसरे के सामने डटे भारत और चीन के सैनिकों की बुधवार को एक बार फिर से झड़प हुई हालांकि सेना का कहना है कि यह मामूली झड़प थी और स्थानीय कमांडरों के स्तर पर मुद्दे का समाधान कर लिया गया है। दोनों देशों के सैनिकों के बीच ताजा झड़प से संबंधित मीडिया रिपोर्टों पर स्थिति स्पष्ट करते हुए सेना ने आज कहा कि उत्तरी सिक्किम के नाकुला में गत बुधवार को दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच मामूली झड़प हुई थी। दोनों ओर के स्थानीय कमांडरों ने स्थापित व्यवस्था के तहत मुद्दे का समाधान कर लिया था। सैनिकों के बीच यह ताजा झड़प करीब दस महीने से चले आ रहे गतिरोध को समाप्त करने के लिए हुई कोर कमांडर स्तर की बातचीत से पहले हुई। अपुष्ट रिपोर्टों में कहा गया है कि झड़प में दोनों पक्षों के सैनिक घायल हुए हैं और स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि चीनी सैनिकों ने एक बार फिर भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की जिसे भारतीय सैनिकों ने विफल कर दिया और चीनी सैनिकों को करारा जवाब दिया। दोनों सेनाओं के कमांडरों के बीच रविवार को 16 घंटे से भी अधिक समय तक बातचीत हुई। सूत्रों के अनुसार इस दौरान गतिरोध को दूर करने के बारे में व्यापक रूप से विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत में काफी प्रगति हुई है लेकिन सैनिकों को हटाये जाने के बारे में कोई सहमति नहीं बन सकी है।

**किसानों का एक और ऐलान : किसान 1 फरवरी को बजट के दिन संसद तक मार्च करेंगे**

# राजपथ पर जवान..दिल्ली पथ पर किसान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का प्रदर्शन लगातार 61वें दिन जारी है। किसान संगठन गणतंत्र दिवस के मौके पर कल ट्रैक्टर रैली निकालेंगे इसके लिए तैयारी पूरी कर ली है। किसान संगठनों ने आगे की योजना भी बना ली है। किसान नेता दर्शनपाल सिंह ने कहा कि एक फरवरी को दिल्ली में अलग-अलग जगहों से हम लोग संसद तक पैदल मार्च करेंगे। वहीं, एक फरवरी को ही केंद्र सरकार आम बजट पेश करेगी। किसान नेता दर्शन पाल ने कहा कि हम 1 फरवरी को बजट दिवस पर विभिन्न स्थानों से संसद की ओर मार्च करेंगे। जहां तक कल की ट्रैक्टर रैली का सवाल है, यह सरकार को हमारी ताकत का एहसास दिलाएगा और उन्हें पता चल जाएगा कि आंदोलन सिर्फ हरियाणा या पंजाब तक सीमित नहीं है, यह पूरे देश का एक आंदोलन है। उन्होंने कहा कि हमारी लड़ाई मोदी सरकार से है। कल 9 जगह से किसान गणतंत्र परेड निकलेगी, परेड शांतिपूर्ण होगी और इससे देश के गणतंत्र की इज्जत बढ़ेगी। किसान संगठनों ने कहा है कि जब तक केंद्र सरकार कृषि कानूनों को वापस नहीं लेगी हम आंदोलन जारी रखेंगे। 26 जनवरी को सुबह 8 बजे परेड शुरू होगी जब तक आख़िरी ट्रैक्टर वापस नहीं आ जाता है तब तक परेड चलता रहेगा, बेशक इसमें दो दिन लग जाएं।



### ट्रैक्टर परेड में सुरक्षा को लेकर अमित शाह के आवास पर बैठक

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर बड़ी बैठक हो रही है। कल गणतंत्र दिवस है और किसानों की परेड भी निकलनी है। जिसकी सुरक्षा को लेकर दिल्ली पुलिस कमिश्नर, आईबी चीफ, गृह राज्य मंत्री समेत अन्य अधिकारियों के साथ गृह मंत्री की बैठक हो रही है। इस बैठक से पहले दिल्ली पुलिस कमिश्नर ने केंद्रीय गृह सचिव से मुलाकात की है।

### शरद पवार का महाराष्ट्र के राज्यपाल पर हमला, बोले- उनके पास कंगना के लिए समय है, किसानों के लिए नहीं

दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देने के लिए और केंद्र सरकार का विरोध जताने के लिए महाराष्ट्र में भी किसान मुंबई के आजाद मैदान में एकत्रित हुए हैं। राज्य के कोने-कोने से किसानों का जत्था मुंबई के आजाद मैदान पहुंचा है। रविवार की शाम हज़ारों की तादात में किसान यहां पहुंच चुके हैं। जबकि अभी भी किसानों के आने का सिलसिला शुरू है। एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने भी यहां आए किसानों को संबोधित किया और केंद्र पर निशाना साधा। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने कहा कि आज देशभर में शांतिपूर्ण तरीके से किसानों का आंदोलन चल रहा है। ठंड के मौसम में, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसान पिछले 60 दिनों से आंदोलन कर रहे हैं। क्या पीएम ने उनके बारे में पूछताछ की है? क्या ये किसान पाकिस्तान के हैं? शरद पवार ने कहा कि राज्यपाल के पास कंगना रनौत से मिलने का वक्त है, लेकिन आंदोलन कर रहे किसानों से मिलने का वक्त नहीं है।यहां आने और आपसे मिलने के लिए राज्यपाल की नैतिक जिम्मेदारी थी।

पवार ने कहा कि मुंबई शहर के देश का महत्वपूर्ण शहर है। आज़ादी की लड़ाई में भी मुंबई की अहम भूमिका थी। ये लड़ाई आसान नहीं है। जिनके हाथो में सरकार है उन्हें किसानों की कोई चिंता नहीं है। इतने दिनो से किसानों का आंदोलन चल रहा है लेकिन पीएम मोदी ने अभी तक किसानों की खबर तक नहीं ली।

पूर्व कृषि मंत्री शरद पवार ने कहा, 2003 में क़ानून पर चर्चा शुरू हुई थी. जब हमारी सरकार आई तो मैं कृषि मंत्री था मैंने खुद सभी राज्यों के कृषि मंत्रियो की बैठक की। उसके बाद BJP की सरकार आई उन्होंने इस क़ानून पर चर्चा नहीं किया और क़ानून पास कर दिए।




**राष्ट्रपति कोविंद का संबोधनः पीएम ने आपदा को अवसर में बदला**

# 2020 सीख देने वाला


**नई दिल्ली।** 72वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश को संबोधित किया। उन्होंने सबसे पहले देश के जवानों को सलाम किया और उनकी शहादत को याद किया। उन्होंने कोरोना महामारी के कारण हुई मौतों, रोजगार पर संकट और देश में इस एक साल में आई आपदाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन आपदाओं में हमने नए अवसर दिए। नई शिक्षा नीति पर चर्चा की। राष्ट्रपति ने सेना, वैज्ञानिकों और किसानों का आभार व्यक्त किया।

हमारे राष्ट्रीय त्योहारों को, सभी देशवासी, राष्ट्र-प्रेम की भावना के साथ मनाते हैं। गणतन्त्र दिवस का राष्ट्रीय पर्व भी, हम पूरे उत्साह के साथ मनाते हुए, अपने राष्ट्रीय ध्वज तथा संविधान के प्रति सम्मान व आस्था व्यक्त करते हैं।

संविधान की उद्देशिका में रेखांकित न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के जीवन-मूल्य हम सबके लिए पुनीत आदर्श हैं। यह उम्मीद की जाती है कि केवल शासन की ज़िम्मेदारी निभाने वाले लोग ही नहीं, बल्कि हम सभी सामान्य नागरिक भी इन आदर्शों का दृढ़ता व निष्ठापूर्वक पालन करें।

बाल गंगाधर 'तिलक', लाला लाजपत राय, महात्मा गांधी और सुभाष चन्द्र बोस जैसे अनेक महान जन-नायकों और विचारकों ने हमारे स्वतंत्रता संग्राम को प्रेरित किया था।

मातृभूमि के स्वर्णिम भविष्य की उनकी परिकल्पनाएं अलग-अलग थीं परंतु न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता के मूल्यों ने उनके सपनों को एक सूत्र में पिरोने का काम किया।



**भारतीय जवानों को सलाम**

-सियाचिन व गलवान घाटी में, माइनस 50 से 60 डिग्री तापमान में, सब कुछ जमा देने वाली सर्दी से लेकर, जैसलमर में, 50 डिग्री सेन्टीग्रेड से ऊपर के तापमान में, झुलसा देने वाली गर्मी में – धरती, आकाश और विशाल तटीय क्षेत्रों में – हमारे सेनानी भारत की सुरक्षा का दायित्व हर पल निभाते हैं। हमारे सैनिकों की बहादुरी, देशप्रेम और बलिदान पर हम सभी देशवासियों को गर्व है।

**कोरोना और किसान पर बोले कोविंद**

-दिन-रात परिश्रम करते हुए कोरोना-वायरस को डी-कोड करके तथा बहुत कम समय में ही वैक्सीन को विकसित करके, हमारे वैज्ञानिकों ने पूरी मानवता के कल्याण हेतु एक नया इतिहास रचा है।

हमारे सभी किसान, जवान और वैज्ञानिक विशेष बधाई के पात्र हैं और कृतज्ञ राष्ट्र गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर इन सभी का अभिनंदन करता है। पिछले वर्ष, जब पूरी मानवता एक विकराल आपदा का सामना करते हुए ठहर सी गई थी, उस दौरान, मैं भारतीय संविधान के मूल तत्वों पर मनन करता रहा। मेरा मानना है कि बंधुता के हमारे संवैधानिक आदर्श के बल पर ही, इस संकट का प्रभावी ढंग से सामना करना संभव हो सका है।


## किसानों से डरी हरियाणा सरकार,सीएम मनोहर लाल का पानीपत में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम रद्द, अब पंचकूला में करेंगे ध्वजारोहण

**नई दिल्ली।** कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलनरत किसानों से डरी हरियाणा की भाजपा-जजपा सरकार ने 26 जनवरी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल का गणतंत्र दिवस समारोह का कार्यक्रम रद्द हो गया है। अब मुख्यमंत्री पानीपत में ध्वजारोहण नहीं करेंगे। बल्कि वे अब पंचकूला में गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्यातिथि होंगे। वहीं पानीपत में अब चीफ सेक्रेटरी विजय वर्धन तिरंगा फहराएंगे। राज्यपाल प्रो. सत्यदेव नारायण आर्य अब पंचकूला की बजाय राजभवन में तिरंगा फहराएंगे। 26 जनवरी की शाम राजभवन में एट होम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। पानीपत के किसानों ने मुख्यमंत्री के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का विरोध करने का अल्टीमेटम दिया था इसलिए कार्यक्रम पानीपत में रद्द करके पंचकूला इसलिए किया गया कि यहां राज्य के बाकी इलाकों की तुलना में प्रदर्शनकारी किसानों का असर कम है। सरकार को डर है कि कहीं 26 जनवरी की ट्रैक्टर परेड के लिए भारी संख्या में दिल्ली के लिए जीटी रोड से कूच करने वाले पंजाब व हरियाणा के किसान राज्य में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोहों का रुख सकते हैं। ऐसे में कई मंत्रियों के आग्रह पर ध्वजारोहण कार्यक्रमों में अंतिम समय में भी फेरबदल किया गया है। किसानों के विरोध को देखते हुए अंबाला में उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के कार्यक्रम में भी बदलाव हो सकता है। इससे पहले विधानसभा स्पीकर से लेकर कई मंत्रियों के कार्यक्रम स्थल बदल दिए गए हैं। किसानों के विरोध से डरी सरकार ने साफ कर दिया है कि किसी कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के न पहुंचने की सूरत में वहां के संबंधित उपायुक्त ध्वजारोहण और परेड सलामी की रस्म निभाएंगे। 10 जनवरी को करनाल के कैमला में भाजपा की किसान महापंचायत रैली में आंदोलकारी किसानों के बवाल के बाद रद्द करनी पड़ी। रैली स्थल पर पहुंचने के बावजूद मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का हेलीकॉप्टर इसलिए नहीं उतर सका कि किसानों ने हेलीपैड खोद दिया था,रैली में भाग लिए बगैर ही मुख्यमंत्री को वापस चंडीगढ़ लौटना पड़ा।



## जय श्री राम के जवाब में ममता का नया नारा हरे कृष्णा हरे राम, विदा हो बीजेपी-वाम

**कोलकाता।** 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती समारोह के दौरान कोलकाता में जय श्रीराम के नारे लगाए जाने की घटना को लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को फिर भाजपा पर करारा हमला बोला। हुगली जिले के पुरशुरा में एक जनसभा में ममता ने कहा कि मैं भाजपा के सामने सिर झुकाने की बजाय अपना गला काटना चाहूंगी। ममता ने भाजपा के जय श्रीराम के नारे का जवाब भी नारे से ही दिया है। उन्होंने हरे कृष्णा हरे राम, विदा हो बीजेपी-वाम का नारा दिया। 23 जनवरी को विक्टोरिया मेमोरियल में नेताजी जयंती समारोह में ममता ने तब भाषण देने से मना कर दिया था, जब वहां भीड़ में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए थे। इसे लेकर सोमवार को ममता ने कहा कि उन लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने मेरा अपमान किया है। मैं बंदूकों में नहीं, बल्कि राजनीति में विश्वास रखती हूं। भाजपा ने नेताजी और बंगाल का अपमान किया है। ममता ने कहा कि अगर आपने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जय की होती तो मैं आपको सलाम करतीं, लेकिन अगर आप मुझे बंदूक के बल पर रखने की कोशिश करो तो मुझे पता है कि कैसे जवाबी हमला करना है। उस दिन उन्होंने (भाजपा के कुछ अराजक तत्वों ने) बंगाल का अपमान किया था।



**तृणमूल छोड़ भाजपा में जा रहे नेताओं पर भी साधा निशाना**

तृणमूल सुप्रीमो ने पार्टी छोड़ भाजपा में जा रहे नेताओं पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि तुम लोगों को तृणमूल का टिकट नहीं मिलता इसीलिए भाजपा में जा रहे हो। उन्होंने भाजपा को फिर वाशिंग मशीन बताया। ममता ने कहा कि सम्मानित लोगों को हम अपनी पार्टी में लेंगे, चोरों को तृणमूल में नही लेंगे। मैं दूसरे दलों के सम्मानित लोगों को कहूंगी कि ट्रेन छोड़ने वाली है जल्दी जाओ। उन्होंने कहा, बंगाल कंगाल नहीं है, भाजपा टीवी वालों को डराकर सिर्फ टीवी पर जीत रही है।

**डीआरडीओ को कामयाबी: आत्म-निर्भरता के लिए उपराष्ट्रपति ने वैज्ञानिकों को सराहा**

# नई आकाश मिसाइल का पहला परीक्षण सफल

**नई दिल्ली।** डीआरडीओ ने सोमवार को आकाश मिसाइल के नए संस्करण का सपफलतापूर्वक परीक्षण किया। ओडिशा स्थित एकीकृत परीक्षण केंद्र से इसे दागा गया। इसे आकाश-एनजी यानी नई पीढ़ी की आकाश मिसाइल नाम दिया गया है। यह सतह से हवा में मार करने में सक्षम है। इसे भारतीय वायुसेना के लिए खासतौर से बनाया गया है। सीमाओं पर तनाव व बढ़ते हवाई खतरों को देखते हुए आकाश-एनजी कारगर रहेगी।


डीआरडीओ ने बताया कि नई आकाश मिसाइल लक्ष्य पाने में अचूक रही। परीक्षण के दौरान यह सारी कसौटियों पर खरी उतरी। मिसाइल का कमांड कंट्रोल सिस्टम, एवियोनिक्स, एरोडायनैमिक सिस्टम सभी ने ठीक ढंग से काम किया।



उपराष्ट्रपति एम वैंकेया नायडु ने मिसाइल तकनीक के मामले में भारत को आत्म-निर्भरता के करीब ले जाने के लिए सोमवार को डीआरडीओ के वैज्ञानिकों की सराहना करते हुए कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्म-निर्भरता हासिल करना केवल सामरिक रूप से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय गौरव के लिहाज से भी जरूरी है। नायडु ने डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम मिसाइल परिसर में दो केन्द्रों का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें यह जानकर बहुत खुशी हुई कि डीआरडीओ के मिसाइल विभाग के वैज्ञानिक अपनी विरासत को बरकरार रखे हुए हैं और उन्होंने नई पीढ़ी की मिसाइल प्रणाली विकसित की है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार नायडु ने एक्सपोजीशन ऑफ टेक्नोलॉजी बाय मिसाइल कॉम्प्लेक्स लैबोरेटरी का भी दौरा किया और कहा कि स्वदेशी उत्पाद देखकर उन्हें अत्यधिक प्रसन्नता हुई। नायडुन ने कहा कि आत्म-निर्भर मिसाइल तकनीक हासिल करने में डीआरडीओ के वैज्ञानिकों की जबरदस्त प्रगति को देखकर मैं देश की सुरक्षा और क्षमता को लेकर एक बार फिर आश्वस्त महसूस कर रहा हूं।

## पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स को नितिन गडकरी की मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन और हाइवे मंत्री नितिन गडकरी ने 8 साल से पुराने वाहनों पर ग्रीन टैक्स लगाने की मंजूरी दे दी है। 8 साल से पुराने वाहनों पर फिटनेस सर्टिफिकेट के रिन्यूअल के दौरान यह टैक्स वसूला जाएगा। नियम को नोटिफाइ करने से पहले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पास इस प्रस्ताव को भेजा जाएगा। परिवहन मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस टैक्स से मिलने वाले राजस्व का इस्तेमाल प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए किया जाएगा। मंत्री ने सरकारी विभाग और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के स्वामित्व वाले वाहनों की डिरजिस्ट्रेशन और स्क्रैपिंग की नीति को भी मंजूरी दी, जो 15 वर्ष से अधिक आयु के हैं। नए नियमों को 1 अप्रैल 2022 को नोटिफाइ किया जाएगा। मंत्रालय ने कहा, यह अनुमान लगाया जाता है कि वाणिज्यिक वाहन, जो कुल वाहन बेड़े का लगभग 5त्न हिस्सा हैं, कुल वाहन प्रदूषण में लगभग 65-70त्न योगदान करते हैं। वर्ष 2000 से पहले निर्मित वाहन कुल बेड़े का 1त्न है, लेकिन कुल वाहनों के प्रदूषण में इनका योगदान 15 फीसदी है। 8 साल से पुराने परिवहन वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट रिन्यू करते समय रोड टैक्स के 10 से 25 फीसदी तक ग्रीन टैक्स लगाया जा सकता है। निजी वाहनों पर 15 सालों के बाद रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट रिन्यू करते समय ग्रीन टैक्स लगाया जाएगा।



## हाफिज सईद के तीन सहयोगियों को 6 महीने की जेल

**लाहौर।** पाकिस्तान की कोर्ट ने आतंकियों के आंका और मुम्बई हमले के साजिशकर्ता हाफिज सईद के तीन सहयोगियों को टेरर फंडिंग केस में 6 महीने की जेल की सजा सुनाई है। देश की आतंकवाद निरोधक अदालत ने हाफिज सईद के आतंकवादी संगठन जमात-उद-दावा के तीन सदस्यों पर आतंकवाद के वित्तपोषण के मामले पर फैसला सुनाया।



**हाफिज सईद के तीन सहयोगियों को 6 महीने की जेल**

पाकिस्तान की आतंकवाद निरोधक अदालत लाहौर के पीठासीन न्यायाधीश अरशद हुसैन भुट्टा ने जिन तीन लोगों को सजा सुनाई, उसने हाफिज सईद के रिश्तेदार हाफिज अब्दुर रहमान मक्की, जेयूडी के प्रवक्ता यह्या मुजाहिद और जफर इकबाल शामिल हैं। इस सभी को छह-छह महीने कैद की सजा सुनाई गई है।

कोर्ट की इस सजा के साथ ही अब मुजाहिद और इकबाल की कुल कारावास की सजा क्रमशः 80 और 56 साल की हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन तीनों के खिलाफ 2019 की प्राथमिकी संख्या 32 के संबंध में यह फैसला आया। जब कोर्ट ने फैसला सुनाया तब तीनों दोषी अदालत में ही मौजूद थे।

**हाफिज सईद को 10 साल कैद की सजा**

इसके पहले आतंकी सरगना हाफिज सईद को पाकिस्तान की विशेष अदालत ने 10 साल कैद की सजा सुनाई थी। हाफिज इससे पहले भी कई बार कानून के शिकंजे में रह चुका है लेकिन हमेशा छूट जाता था। इस बार वो आतंकवाद निरोधी अदालत की सख्ती के चलते सजा पा चुका है। बता दें कि मुंबई अटैक के मास्टरमाइंड हाफिज सईद पहले लश्?कर-ए-तैयबा नाम का आतंकी संगठन चलाता था। लेकिन उसके बैन हो जाने पर उसके एक दूसरा जमात-उद-दावा नाम के संगठन बनाया।

## ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध का निर्माण करने की तैयारी कर रहा चीन, भविष्य में भारत से युद्ध का खतरा!

**हांग कांग।** चीन तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक महत्वपूर्ण बांध का निर्माण करने की तैयारी कर रहा है। इसको लेकर एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन द्वारा ये बांध का निर्माण चीन के लिए खतरा बन सकता है और इसको लेकर भविष्य में भारत के साथ युद्ध का खतरा है। एशिया टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने दुनिया की सबसे ऊंची नदी यारलुंग जंग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) पर बांध बनाने की योजना बनाई है जिस कारण उसके भारत के साथ संघर्ष की संभावना है। चीन यारलुंग जंग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) पर एक मेगा-डैम बनाने की योजना बना रहा है, जो तिब्बत से होकर बहती है और अंततः भारत में प्रवेश करते ही ब्रह्मपुत्र नदी बन जाती है। एशिया टाइम्स ने जानकारी दी है कि बांग्लादेश, जो चीन के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध रखता है उसने भी यारलुंग जंग्बो नदी (ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम) पर डैम का विरोध किया है।

एक ओपिनियन पीस में बर्टिल लिंटर ने लिखा है कि यारलुंग ज़ंगबो नदी पर मेगा-डैम के बारे में सटीक तकनीकी विवरणों की कमी है, लेकिन क्षेत्रीय मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि यह यांग्सी नदी पर बड़े पैमाने पर तीन गोर्ज बांध को बौना कर देगा और तीन बार उत्पन्न करेगा। गंगा नदी को खिलाने वाले ब्रह्मपुत्र और उसके ग्लेशियर दोनों ही चीन से आते हैं। नदी के ऊपर के क्षेत्र में चीन की एक लाभकारी स्थिति है और इस कारण वह पानी के बहाव को जानबूझकर रोकने के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकता है।

## मुश्किल में ट्रंप, सीनेट में 8 फरवरी से शुरू होगा महाभियोग का ट्रायल, जानें क्या होगा नुकसान

**वाशिंगटन ।** सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चक शूमर ने घोषणा की है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर महाभियोग का ट्रायल 8 फरवरी से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधि सभा में महाभियोग की प्रक्रिया सोमवार को प्रांरभ होगी। उनके इस बयान से यह साफ हो गया है कि राष्ट्रपति पद से हटने के बाद भी ट्रंप की मुश्किलें कम नहीं हुई है। सीएनएन ने शुमर के हवाले से कहा है कि हम सभी अपने देश के इतिहास में इस भयानक अध्याय को पीछे रखना चाहते हैं, लेकिन राष्ट्र की एकता के लिए यह जरूरी है कि सच्चाई और जवाबदेही तय की जाए। हालांकि, ट्रंप अब अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं हैं। अब अमेरिका के नए राष्ट्रपति जो बाइडन हैं। ऐसे में यह जिज्ञासा उत्पन्न होती है कि जब ट्रंप सत्ता से बाहर हो चुके हैं, अमेरिका में नए राष्ट्रपति ने अपना कामकाज शुरू कर दिया है तो सवाल उठता है कि इस महाभियोग का उन पर क्या असर होगा। गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्?ट्रपति ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव अमेरिकी संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेन्टेटिव्स में पारित हो चुका है। अब प्रक्रिया ऊपरी सदन में शुरू होगा।

# कोरोना दुनिया में:मरीजों की संख्या 10 करोड़ के करीब, ब्रिटेन में एक लाख लोगों पर सबसे ज्यादा 142 मौतें

**वॉशिंगटन/लंदन।** दुनिया में कोरोना के मरीजों की संख्या 9.93 करोड़ हो गई है। आज ये आंकड़ा 10 करोड़ पर पहुंच सकता है। इनमें से सात करोड़ से ज्यादा मरीज ठीक हो चुके हैं। एशियाई देशों में जहां, कोरोना के मामलों में कमी देखी जा रही है वहीं, यूरोप और अमेरिका को अभी राहत नहीं मिली है। दुनिया में सबसे ज्यादा डेथ रेट वाले पांच देशों में अमेरिका के अलावा चारों देश यूरोप के हैं। एक लाख लोगों में कोरोना से मौत के मामले में ब्रिटेन सबसे आगे हैं। इसके बाद चेक रिपब्लिक, इटली, अमेरिका और स्पेन हैं। इस लिस्ट में भारत 19वें नंबर पर



है। यहां एक लाख की आबादी में सिर्फ 11 मौतें हुई हैं। ब्रिटेन में पिछले सात दिनों से हर रोज 1000 से ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक दिन में सबसे ज्यादा 1820 मौतें पिछले बुधवार को दर्ज की गई हैं।

**ब्रिटेन में अब तक 96 हजार से ज्यादा मौतें**: जॉन हॉपकिंस यूनिवर्सिटी के मुताबिक, महामारी शुरू होने के बाद से अब तक यूके में कुल 96,166 मौतें हुई हैं। हैरानी की बात यह है कि अमेरिका और ब्रिटेन समेत ज्यादा यूरोपीय देशों में वैक्सीनेशन की शुरुआत हो चुकी है। दुनिया में अब तक 21 लाख 30 हजार से ज्यादा लोग जान गंवा चुके हैं।

## *टोक्यो: हर साल 12 मीटर तक बर्फबारी, फिर भी फ्लाइट लेट नहीं होतीं; बर्फ हटाने पर 260 करोड़ रुपये खर्च होते हैं*

**टोक्यो।** 38 साल की युकारी कोकई बालकनी से बर्फ हटा रही हैं। रात में आए तूफान से उनके घर का निचला हिस्सा बर्फ में दब गया। वे कहती हैं कि 3 मीटर ऊंची बर्फ बिछ गई है। यह सामान्य तूफान था। मैंने इससे बड़े तूफान देखे हैं। दरअसल, यह उत्तरी जापान के निगाता प्रांत का टोकामाची शहर है। 53 हजार की आबादी वाले इस शहर में साल में 12 मीटर बर्फ गिरती है।

गेस्ट हाउस हारादा-या की मालकिन मिशी कोसुगा ने बताया कि यहां बर्फबारी सामान्य बात है। इससे जिंदगी नहीं रुकती। स्कूल, दुकानें और हॉट स्प्रिंग समय पर खुल रहे हैं। बस कोरोना ने पर्यटकों को छीन लिया है। टोकामाची पर्यटक सूचना केंद्र में काम करने वाली नत्सुकी यामागीशी कहती हैं, 'इस सर्दी से हम तब से वाकिफ हैं, जब हम छोटे थे।

**घर ढहने से ज्यादातर हादसे**

यामागीशी के मुताबिक, यह सीजन जानलेवा होता है। ज्यादातर हादसे बर्फबारी के चलते घर ढहने से होते हैं। हम सीजन की पहली बर्फबारी के अनुमान के साथ ही तैयारी शुरू कर देते हैं। ज्यादातर लोग सर्दियों में चार पहिया वाहन से चलते हैं, जो चेन या विशेष स्टड वाले टायर से लैस होते हैं, ताकि बर्फ में फिसले नहीं। इतनी सर्दी में आसानी से गाड़ी भी स्टार्ट नहीं होती है। इस वजह से कई बार लोग रातभर रास्ते में फंसे रहते हैं। शहर के मुख्य रास्तों से बर्फ साफ करने के लिए लाखों टन नमक का छिड़काव किया जाता है। यामागीशी बताती हैं कि बर्फबारी शुरू होते ही पड़ोसी नियमित रूप से बुजुर्गों की जांच करते हैं। यह तय करने के लिए कि वे सुरक्षित और गर्म हैं।

सर्दी से बचने के लिए लोग हॉट स्प्रिंग, गर्म नूडल्स और सूप लेते हैं। यहां बर्फबारी बर्फीली साइबेरियाई हवाओं की वजह से होती है जो हर नवंबर में उत्तर-पश्चिम से उत्तरी जापान में एंट्री करती हैं। जैसे ही ठंडी हवा जापान के पहाड़ी तट से गर्म पानी को पार करती है, यह नमी आगे बढ़ते हुए बर्फ में बदल जाती है।

**कई शहरों में बेहिसाब बर्फबारी**

टोकामाची अकेला शहर नहीं है, जहां बेहिसाब बर्फबारी होती है। उत्तरी जापान के साप्पोरा, ओमोरी शहर में भी नवंबर से अप्रैल के बीच ऐसी ही बर्फबारी होती है। बावजूद इसके बर्फबारी के इस सीजन में इन इलाकों में पहुंचना कोई बड़ी बात नहीं है। टोक्यो से हाई स्पीड बुलेट ट्रेन महज तीन घंटे में ओमोरी पहुंचा देती है या फिर हवाई मार्ग से भी यहां पहुंचा जा सकता है। टोक्यो से हर रोज ओमोरी, निगाता के लिए 20 से ज्यादा फ्लाइट्स हैं। यहां सब संभव होता है बर्फ हटाने वाली टीम की वजह से,



जिन्हें स्नो इम्पल्स कहा जाता है। इनके एक दस्ते में 120 लोग होते हैं, जो एक दिन में दर्जनों बार रनवे से बर्फ हटाते हैं। इस टीम के सदस्य देईशुके सइतो बताते हैं, 'दो दशक में ओमोरी एयरपोर्ट में रनवे पर बर्फ होने की वजह से एक भी फ्लाइट में देरी या रद्द नहीं हुई। सइतो कहते हैं, जब मैं हवाई जहाज को सुरक्षित उतरते और उड़ान भरते हुए देखता हूं तो इससे हमें अपने काम पर संतोष होता है। हालांकि सर्दी में ओमोरी राष्ट्रीय राजमार्ग बंद रहता है। अप्रैल में जब रास्ते से बर्फ हटाई जाती है तो बर्फ का 26 फीट ऊंचा गलियारा बन जाता है। ओमोरी, टाकामोची शहर में बर्फ हटाने पर सालाना 260 करोड़ से 280 करोड़ रुपए खर्च होते हैं।

## ब्राजील के अमेजन में बढ़ रहे कोरोना के मामले, लोगों की अवाजाही पर लगी रोक

**साओ पाउलो (ब्राजील)।** ब्राजील के शहर अमेजन में कोरोना के मामले एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगे हैं। नए मामलों में तेजी को देखते हुए शनिवार को राज्य के गवर्नर विल्सन लीमा के सात दिनों के लिए नए प्रतिबंधों की घोषणा की है। सोमवार से ये प्रतिबंध अगले सात दिनों के लिए लागू हो जाएगा। इसके तहत अनावश्यक आवाजाही और गैर-जरूरी गतिविधियों को रोक रहेगी।

संवाददाता सम्मेलन में राज्यपाल ने कहा कि लोगों की आवाजाही पर रोक लगाने का मतलब यह नहीं है कि उनके अधिकारों में कटौती की जाएगी। इस दौरान लोग अति आवश्यक कार्यों से बाहर जा सकेंगे। इसमें डॉक्टर के पास जाने और सुपरमार्केट से सामान खरीदने पर छूट रहेगी। इस दौरान सार्वजनिक परिवहन केवल आवश्यक श्रमिकों को उनकी कंपनियों में ले जाने के लिए खुला रहेगा।

अमेजन के सबसे बड़े शहर मनौस में कोरोना वायरस संक्रमण से पीड़ित मरीजों के लिए आक्सीजन की भारी कमी हो गई है, जिसको देखते हुए सार्वजनिक मंत्रालय के एक अनुरोध के बाद यह घोषणा की गई है। स्थानीय स्वास्थ्य ढांचे पर भारी बोझ के कारण कोरोना वायरस से संक्रमित कई मरीजों को दूसरे राज्यों में भेजा गया है। राज्य में गंभीर स्थिति को देखते हुए पड़ोसी वेनेजुएला ने ऑक्सीजन आपूर्ति करने के



लिए ट्रकों को भेजा है। लीमा ने कहा, यह लॉकडाउन नहीं है, बल्कि भीड़ को कम करने और वायरस के प्रसार को रोकने के लिए एक उपाय है। भोजन खरीदने के लिए जल्दबाज़ी करने की ज़रूरत नहीं है। ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अमेजन राज्य ने वायरस के अब तक 2,48,561 मामले सामने आए हैं और 7,051 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं, भारत से भेजी गई कोरोना वायरस टीके की 20 लाख खुराक ब्राजील सरकार को मिल गई हैं, लेकिन विशेषज्ञों ने कहा है कि दक्षिण अमेरिका के इस सबसे बड़े देश के लिए यह काफी नहीं है। ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित टीके की खेप साओ पाउलो पहुंच गई है। ब्राजील के जन स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक भारत से आई टीके की 20 लाख खुराक जरूरत के लिहाज से बहुत ही कम है। उन्होंने कहा कि 21 करोड़ की आबादी वाले देश में पहले ये टीके प्राथमिकता समूहों के लोगों को लगाए जाएंगे जिसके लिए अधिक खुराकों की आवश्यकता होगी, लेकिन एशिया से कच्चे माल की खेप आने में विलंब हो रहा है।

## चिली के पास भूकंप के तेज झटके: अंटार्कटिका बेस को कराया खाली, सुनामी का अलर्ट

**अंटार्कटिक।** दुनियाभर के अलग-अलग देशों में आए दिन भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। बार-बार भूकंप आने की वजह से दुनिया के लोगों के मन में खौफ बैठ गया है। भूकंप ने वैज्ञानिकों को भी चिंता में डाल दिया है। वैज्ञानिक शोध करन में लगे हुए हैं कि भूकंप इतनी जल्दी-जल्दी क्यों आ रहा है और इसका क्या कारण है। अब इस बीच चिली के अंटार्कटिक बेस के पास भयानक भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 7.0 दर्ज की गई। इस जगह को साउथ सेटलैंड आइसलैंड्स के भी नाम से जाना जाता है। फिलहाल जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

तेज भूकंप के झटकों के बाद खतरे को देखते अंटार्कटिका बेस को खाली करा दिया गया है। जिस जगह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं वह चिली की




राजधानी सैंटियागो के नजदीक ही है। चिली के आंतरिक मंत्री ने बताया कि रात 8.36 बजे चिली के ओ हिगिंस साइंटिफिक बेस के पास भूकंप आया था। सुनामी के खतरे के मद्देनजर इस इलाके को खाली करा लिया गया है। सुनामी के खरते को देखते हुए चिली में सभी लोगों को फोन पर इस संबंध में मैसेज भेज दिया गया है। लोगों तटीय इलाकों से दूर रहने की हिदायत दी गई है। इससे पहले चिली-अर्जेंटीना सीमा पर पूर्वी सैंटियागो से 30 किमी दूर 5.6 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया था।

**फिलीपींस में तेज भूकंप के झटके**: इससे पहले फिलीपींस में भूकंप के तेज झटके महसूस किए। भूकंप के बाद अफरातफरी मच गई। लोग अपने घरों से निकलकर भागने लगे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप की थरथराहट काफी ज्यादा थी, लेकिन किसी के हताहत और नुकसान की सूचना नहीं आई थी। यूरोपीय भूमध्य भूकंपीय केंद्र (श्वरूस्ष्ट) ने जानकारी दी थी कि भूकंप 122 किमी की गहराई पर समुद्र में आया था। इसने शुरुआत में 7.2 की तीव्रता बताई थी। यह क्षेत्र भूकंप प्रभावित क्षेत्र माना जाता है। यहां सुनामी आने का भी खतरा रहता है।

## मित्र राष्ट्र मलेशिया में पाक की शानदार बेइज्जती, जब्त विमान के एवज में चुकाया 51 करोड़ का बकाया

**इस्लामाबाद।** मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में पट्टे की रकम को लेकर हुए विवाद में पाकिस्तान की शानदार बेइज्जती हुई है। उसने जब्त किए गए अपने विमान के एवज में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआइए) ने आयरिश जेट कंपनी को 70 लाख डॉलर (51 करोड़ भारतीय रुपये) की रकम चुका दी है। पीआइए ने यह जानकारी लंदन हाईकोर्ट को दी है।

**लंदन हाईकोर्ट को दी जानकारी**

दुनिया टीवी की रिपोर्ट के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआइ ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि पीआईए ने शुक्रवार को लंदन उच्च न्यायालय को बताया कि उसने पट्टे पर लिए गए दो विमानों के मामले में पेरेग्रीन एविएशन चार्ली लिमिटेड को करीब 70 लाख अमेरिकी डॉलर की रकम चुकाई है। दोनों पक्षों के वकीलों ने कोर्ट में इस आशय का पत्र दिया कि भविष्य में समझौते की शर्त के मुताबिक बाकी रकम चुकाई जाएगी।

**पाक के रवैये के चलते किया था केस**

दरअसल विमानों के पट्टे की रकम का भुगतान नहीं करने के मामले में स्थानीय अदालत के आदेश के बाद मलेशियाई अधिकारियों ने पिछले हफ्ते क्वालालंपुर हवाईअड्डे पर पीआईए के बोइंग-777 विमान को जब्त कर लिया था। समझौते के मुताबिक पीआइए को हर महीने 5,80,000 डॉलर चुकाने थे लेकिन उसने नहीं चुकाए। इसी के कारण विमान की स्वामी कंपनी को अक्टूबर 2020 में मुकदमा शुरू करना पड़ा। सूत्रों की मानें तो पट्टे पर विमान देने वाली कंपनी पाकिस्तान की ओर से रकम नहीं चुकाने से परेशान थी। वह लगातार पीआईए की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

# रूस में सड़कों पर संग्राम: विपक्षी नेता की गिरफ्तारी के विरोध में राजधानी मॉस्को समेत 70 शहरों में प्रोटेस्ट, दो हजार से ज्यादा अरेस्ट

**मास्को।** रूस में विपक्ष के नेता अलेक्सी नवाल्नी की गिरफ्तारी के विरोध में देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। 44 साल के एलेक्सी को राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का विरोधी माना जाता है। वह हाल में ही रूस लौटे हैं। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इससे नाराज हजारों लोग सड़क पर उतर आए और अपना गुस्सा जाहिर किया। सरकार के फैसले के खिलाफ 70 से ज्यादा शहरों में रैलियां की गईं।

इस दौरान मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग में हिंसा की भी खबरें हैं। यहां प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़ गए। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने ताकत का इस्तेमाल किया। अब तक दो हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और यूरोपीय संघ ने एलेक्सी की रिहाई की



मांग की है।

**प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर हमला किया**: प्रोटेस्ट मॉनिटर ग्रुप OVD-Info के

*रूस में विपक्ष के नेता अलेक्सी नवाल्नी की गिरफ्तारी के विरोध में देश भर में प्रदर्शन हो रहे हैं। 44 साल के एलेक्सी को राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन का विरोधी माना जाता है। वह हाल में ही रूस लौटे हैं। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।*

मुताबिक, कुल 2,131 लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। इनमें राजधानी मॉस्को में 300 और सेंट पीटर्सबर्ग में 162 लोग शामिल हैं। लगभग 70 कस्बों और शहरों में हुई रैलियों में गिरफ्तारी की सूचना है।

वहीं, पुलिस ने बताया कि क्रेमलिन के पास मॉस्को के पुश्किनकाया स्क्वायर में शनिवार को 4,000 प्रदर्शनकारी इकट्ठा हुए थे। उन्होंने पुलिस पर पानी की बोतलें और अंडे फेंकना शुरू कर दिया। लोकल मीडिया ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने तीन अधिकारियों पर सफेद पेंट फेंक दिया। मास्को में हुए प्रदर्शनों में 39 ऑफिसर घायल हुए हैं। सभी को हल्की चोटें आई हैं।

**इसी सप्ताह जर्मनी से लौटे थे एलेक्सी**

एलेक्सी पांच महीने पहले जर्मनी गए थे। रास्ते में उन्हें जहर दे दिया गया। शक जताया गया था कि एलेक्सी को किसी ने चाय में जहर दिया है। उनके शरीर में मिला जहर रूसी सेना ने सोवियत संघ के दौरान डेवलप किया गया था। एलेक्सी नवालनी इसी सप्ताह जर्मनी से लौटे थे। इसके बाद उन्हें जेल में डाल दिया गया। रूस की कोर्ट ने सोमवार को एलेक्सी को 15 फरवरी तक जेल भेज दिया।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम के लिए जाने जाते हैं**

एलेक्सी पुतिन के खिलाफ खुलकर बोलते रहे हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू की गई मुहिम के लिए भी जाने जाते हैं। उन्होंने 2018 में पुतिन के खिलाफ राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए नॉमिनेशन भी फाइल किया था। हालांकि, धोखाधड़ी के मामले की वजह से उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई थी। नवाल्नी ने आरोपों से इनकार किया था। उन्होंने कहा था कि भ्रष्ट नेताओं के खिलाफ बोलने की वजह से उन पर आरोप लगाए गए।

# युवाओं को राजनीति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए : आदेश गुप्ता



**नई दिल्ली,** 25 जनवरी **(एजेंसी)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित नए मतदाताओं के अभिनंदन समारोह में दिल्ली के युवा मतदाताओं के साथ संवाद किया। राष्ट्रीय मतदान दिवस पर दिल्ली के युवाओं को राजनीति में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील करते हुए आदेश गुप्ता ने कहा कि पिछले कुछ सालों में हमारे देश में मतदाताओं में उत्साह बढ़ा है, विश्वास बढ़ा है और इस बात की खुशी भी है कि कश्मीर जैसे राज्य में जब चुनाव हुए तो भारी संख्या में लोगों ने मतदान किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजन तिवारी, प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन कुमार और युवा मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता रोहित चहल उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र की सबसे खूबसूरत चीज है कि हम अपनी ईच्छानुसार हर पांच सालों में सरकार बदल सकते हैं।

**राष्ट्रीय मतदान दिवस पर प्रदेश अध्यक्ष ने युवा वोटरों के साथ किया संवाद**

## संक्षिप्त समाचार

### महेश भारद्वाज को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक




**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के मौके पर भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी डॉ.महेश भारद्वाज को विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक दिए जाने की घोषणा गृह मंत्रालय द्वारा की गई है। डॉ. भारद्वाज अलवर के रहने वाले है और अपनी दो दशक से अधिक की पुलिस सेवा के दौरान दिल्ली पुलिस के विभिन्न विभागों के अलावा भारत के राष्ट्रपति, सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और सीबीआई जैसे देश के महत्वपूर्ण संस्थानों में कार्य कर चुके है। ये यूरोप में संयुक्त राष्ट्र संघ पुलिस के लिए भी अपनी सेवाएं दे चुके है और इस समय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ओर से सीबीआई में कार्यरत हैं। 2015 में भी सराहनीय सेवा के लिए इन्हें राष्ट्रपति की ओर से पुलिस पदक से नवाजा जा चुका है।

### निरंकारी मिशन के आरएस कपूर का निधन

**नई दिल्ली।** संत निरंकारी मिशन के समर्पित रोशन मीनार संत आर.एस.कपूर का निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। संयोगवश बीती 24 जनवरी को ही उनका जन्मदिन था और उसी दिन उनका निधन हो गया। उनके निधन पर निरंकारी मिशन ने गहरा दुख व्यक्त किया है। शिक्षा और भक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ, कपूर जी एक अत्यंत प्रतिभाशाली थे। उन्होंने 1962 में बाबा अवतार सिंह जी महाराज से ईश्वर ज्ञान प्राप्त किया और अपने पूरे जीवन को अपने गहन प्रवचनों और वार्ताओं के माध्यम से प्रचारित किया, जो कि मिशन और शास्त्रों के गहन ज्ञान और समझ से सुशोभित थे।

### महापौर अनामिका ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**नई दिल्ली।** महापौर अनामिका ने सोमावार को मध्य जोन के निगम प्राथमिक विद्यालय हरिनगर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में झंडोत्तोलन किया और 50 शिक्षकों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि कोरोना कॉल में इन शिक्षकों ने कोरोना योद्धा के रूप में कार्य किया और अपनी अतुलनीय सेवाएं जनता को अर्पित की। इस कठिन समय में शिक्षकों ने बच्चों को ऑनलाइन शिक्षित करने के अलावा जरूरतमंदों को राशन वितरित किया,साथ ही घर घर जाकर संभावित कोरोना मरीजों की ट्रेसिंग का कार्य भी किया। शिक्षकों ने अपनी जान की परवाह न करते हुए अपने दायित्वों को निष्ठापूर्वक निभाया।

### व्यावसायिक संपत्तियों का सर्वेक्षण करने के लिए विशेष दल का गठन

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम में करोल बाग क्षेत्र के अंतर्गत व्यावसायिक संपत्तियों का सर्वेक्षण करने के लिए हाउस टैक्स इंस्पेक्टरों के विशेष दल बनाए गए हैं। करोल बाग क्षेत्र में कई व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं जिनमें अस्पताल, स्कूल, होटल, कोचिंग सेंटर, बैंक्वेट हॉल आदि शामिल हैं, जिन्होंने मानदंडों के अनुसार संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया है। यह टीमें 27 जनवरी से सर्वेक्षण शुरू करेंगी और डिफॉल्टरों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

---

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बोले अरविंद केजरीवाल

# राशन की डोर स्टेप डिलिवरी मार्च से

प्रफुल्ल राय(शिवालिक)



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली सचिवालय में ध्वाजारोहण कर दिल्ली और देश के लोगों को बधाई दी। सीएम ने कहा कि दिल्ली में मार्च से राशन की डोर स्टेप डिलिवरी शुरू होने जा रही है। लोगों को लंबी लाइनें लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, सरकार उनके घर राशन भेजेगी। झुग्गी बस्तियों में रहने वाले लोगों को घर देने का काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। बहुत जल्द उन्हें पक्का मकान मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना के मुश्किल हालातों में भी हमने दिल्ली की जनता को मिलने वाली सुविधाएं बंद नहीं होने दी। हमारे पुलिसकर्मी, सेना के जवान और फायर सर्विस के लोग अपनी जान की बाजी लगाकर हमारी सेवा करते हैं। हम उनके परिवारों को अकेला नहीं छोड़ते, बल्कि उन्हें एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि साल के अंत तक दिल्ली के हर नागरिक का अपना हेल्थ कार्ड होगा और लोग डॉक्टर से मिलने का समय ऑनलाइन ले सकेंगे। हमने अपने हेल्थ सिस्टम को मजबूत किया। एक दिन में 8.5 हजार कोरोना के केस आने पर भी हमारा हेल्थ सिस्टम ध्वस्त नहीं हुआ, जबकि कई विकसित देशों के हेल्थ सिस्टम ध्वस्त हो गए थे। इस समारोह के दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन समेत दिल्ली सरकार के सभी मंत्री और विधायकों के साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर झंडारोहण के उपरांत दिल्ली और देश की जनता को संबोधित किया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूरा विश्व, पूरा देश और हम सब दिल्लीवासी, पिछले एक वर्ष से कोरोना महामारी से जूझ रहे हैं, संघर्ष कर रहे हैं। यही कारण है कि हमने अपना स्वाधीनता दिवस भी और आज गणतंत्र दिवस भी, हम लोग दिल्ली सचिवालय में मना रहे हैं, नहीं तो हम सब लोग छत्रसाल स्टेडियम में बड़े पैमाने पर अपने बच्चों के साथ मनाया करते थे। मैं उम्मीद करता हूं कि इस वर्ष हम सब लोगों को कोरोना की महामारी से छुटकारा मिलेगा पिछला एक साल सबके लिए बहुत मुश्किल रहा, जब हम सब लोग इस महामारी से जूझ रहे थे। दिल्लीवासियों के लिए खासकर यह एक साल और ज्यादा मुश्किल रहा, क्योंकि दिल्ली ने कोरोना की महामारी का बहुत प्रचंड रूप देखा। 11 नवंबर को दिल्ली में एक दिन में लगभग 8.5 हजार कोरोना के केस आए, जो प्रतिदिन केस आते हैं। कहा जाता है कि विश्व के किसी और शहर में इतने ज्यादा केस कहीं नहीं आए। दिल्ली में एक दिन में इतने सारे केस आने के कई सारे कारण हैं। दिल्ली देश की राजधानी है, पूरी दुनिया व देश भर से लोग यहां आते हैं, लेकिन अच्छी बात यह रही कि दिल्ली के लोगों ने और सरकार ने मिलकर इसका सफलतापूर्वक सामना किया।

**केजरीवाल ने दिल्ली सचिवालय में किया ध्वाजारोहण**

### कोरोना काल में हर महीने एक करोड़ लोगों को दिया राशन दिया : केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यह बहुत कठिन दौर था, जब लोगों की नौकरियां चली गई, रोजगार चले गए, दुकानें बंद हो गई, मार्केट बंद हो गए, फैक्ट्रियां बंद हो गईं। यह सरकारों के लिए भी बड़ा मुश्किल दौर था। सरकार का टैक्स आना बंद हो गया। बड़ी चिंता होने लगी कि तनख्वाह कैसे देंगे। लेकिन मुझे बेहद खुशी है कि ऐसे कठिन दौर में हम सब दिल्ली वासियों ने मिलकर स्थिति को संभाला। हमने न केवल अपनी सारी तनख्वाहें दीं, बल्कि ऐसे कठिन दौर के अंदर जब लोगों को रोटी के लाले पड़ रहे थे, लोगों के घर के अंदर चूल्हा जलना मुश्किल हो रहा था, ऐसे समय में दिल्ली सरकार ने एन-केन-प्रकारेण कहीं से भी व्यवस्था पैसे की करके दिल्ली की दो करोड़ आबादी में से एक करोड़ लोगों को कोरोना काल के दौरान हर महीने सूखा राशन दिया। 5 किलो प्रति व्यक्ति के हिसाब से हर महीने लोगों को सूखा राशन दिया गया। 10 साल लोगों को हर रोज लंच और डिनर की व्यवस्था की गई।

### झुग्गी वालों को फ्लैट देने में कामयाब होंगे : केजरीवाल

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यमुना की सफाई के लिए दिल्ली जल बोर्ड पूरी मशक्कत के साथ लगा हुआ है। उनके साथ कई सारी हमारी कई बैठकें हुई है और मुझे पूरी उम्मीद है कि जो सपना दिल्ली के लोगों का कई सालों से था, वह सपना अगले कुछ सालों के अंदर जरूर पूरा होगा। इसके अंदर जो भी प्रोजेक्ट हैं, वह सारे समय से चल रहे हैं। झुग्गी वालों को मकान देने की हमारी योजना बहुत तेजी से चल रही है। उनके लिए कई मकान बन चुके हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि आने वाले कुछ वर्षों के अंदर सभी झुग्गी वालों को हम फ्लैट देने में कामयाब होंगे।

### कोरोना काल में भी पानी व बिजली मुफ्त देना बंद नहीं किया : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारा टैक्स आना बंद हो गया था, लोगों को चिंता लगने लगी कि यह जो बिजली फ्री मिलती है, यह बंद तो नहीं हो जाएगी, जो पानी फ्री मिलता है, वह बंद तो नहीं हो जाएगा, लोग अखबार में पढ़ते थे कि सरकार के पास टैक्स नहीं आ रहा है। लेकिन अच्छा आर्थिक प्रबंधन करके हमने सुनिश्चित किया कि लोगों की बिजली और पानी जो दिल्ली के अंदर फ्री मिलता है, वह फ्री मिलता रहा। आप लोगों की जानकारी के लिए बता दूं कि दिल्ली में कुल 52 लाख घरेलू उपभोक्ता हैं। इन 52 लाख उपभोक्ताओं में से 38 लाख परिवारों के जीरो बिजली के बिल आए हैं। दिल्ली में रहने वाले 73 प्रतिशत परिवारों के बिजली के बिल जीरो आए हैं। हमारी सरकार बनने के पहले मुझे याद है कि 2014 की गर्मियों में 7 से 8 घंटे तक की पावर कट होते थे। पिछले 6 साल में दिल्ली के लोगों के लिए समुचित बिजली का इंतजाम किया, जितने खराब ट्रांसफार्मर और केबल थे, उनको बदले। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जल बोर्ड के साथ हमारी कई बैठकें हो चुकी हैं। पूरी मुस्तैदी के साथ हमारा जल बोर्ड काम कर रहा है और उन्होंने पूरा खाका तैयार किया है कि जैसे दिल्ली में बिजली का 24 घंटे इंतजाम किया है, अब पानी का भी 24 घंटे का इंतजाम करना है और आने वाले सालों के अंदर हम अपना यह लक्ष्य पूरा करेंगे, जब हम दिल्ली के लोगों को 24 घंटे पानी देंगे। जैसा मैंने बताया कि 56 प्रतिशत लोगों को जीरो बिल पर पानी मिल रहा है, जो चमत्कार बिजली के क्षेत्र में हुआ, वहीं चमत्कार पानी के क्षेत्र में भी होगा, लोगों को 24 घंटे पानी मिलेगा और फ्री में पानी मिलेगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारे स्वास्थ्य विभाग ने खासकर पिछले एक साल के दौरान काफी गजब का काम किया है और आने वाले साल में दिल्ली में रहने वाले हर एक नागरिक के लिए हम हेल्थ कार्ड जारी करने जा रहे हैं। इसकी शुरूआत सबसे पहले हम सरकारी अस्पतालों से करेंगे।

---

# दिल्ली विधानसभा परिसर में अशोक स्तंभ की स्थापना




(रविशंकर तिवारी)

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा परिसर में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को अशोक स्तंभ की स्थापना और चित्र गैलरी में राजा नाहर सिंह के चित्र का लोकार्पण किया। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अब हम जब भी विधानसभा में आएंगे और अशोक स्तंभ को देखेंगे, तो यह हमें अपनी जनतंत्र और संविधान की याद दिलाएगा। सीएम ने विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को भी उनकी अलग-अलग गतिविधियों से विधानसभा परिसर को लगातार नई ऊर्जा देने के लिए शुक्रिया अदा किया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि हमने विधानसभा परिसर में अशोक स्तंभ को राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया था। मुझे खुशी है कि हमारा यह सपना सच हो गया। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली विस के परिसर में गणतंत्र दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर सोमवार को अशोक स्तंभ का अनावरण किया। इस दौरान सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, दिल्ली विधानसभा की उपाध्यक्षा राखी बिड़लान, कानून मंत्री और वहां मौजूद सभी विधायकों समेत सभी को नए साल के साथ गणतंत्र दिवस की शुभकामानएं और बधाई दी। सीएम ने कहा कि आज वोटर्स डे है, उसकी भी आप सभी को बहुत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली विधानसभा के लिए वाकई बहुत ही गौरव का दिन है।

**हमें अपनी जनतंत्र और संविधान की याद दिलाएगा अशोक स्तंभ : केजरीवाल**

### अब विधानसभ में मनाए जाते हैं हर धर्म के त्यौहार

केजरीवाल ने कहा कि इसके अलावा पूरे साल इन्होंने एक नई प्रथा चालू की कि हर धर्म के त्यौहार अब विधानसभा में मनाए जाते हैं। चाहे वो हिंदू धर्म हो, चाहे वो सिख धर्म हो, चाहे वो मुस्लिम धर्म हो, चाहे वो ईसाई धर्म हो, हर धर्म के त्यौहार हम सब लोग मिलकर विधानसभा के परिसर में बनाते हैं। यही हमारे देश की खूबसूरती है कि हमारा देश सभी धर्म, सभी जातियों का देश है। सभी लोग यहां पर एक साथ प्यार और मोहब्बत से रहते हैं। आज जो यह स्तंभ लगाया गया है, 26 जनवरी 1950 को इसे राष्ट्रीय चिन्ह के रूप में देश ने अपनाया था। हम जितने भी विधायक दल हैं, मंत्री हैं, हम जब भी अब विस में आया करेंगे और इसको देखा करेंगे, तो यह हमें अपनी जनतंत्र की याद दिलाए, अपने संविधान की याद दिलाए। हमें यह याद रहे कि हमें उन लोगों ने चुन कर भेजा है और हमारा एक-एक काम और हमारा एक-एक शब्द उन लोगों के लिए समर्पित होना चाहिए, जिन लोगों ने हम लोगों को सुनकर के भेजा है।

---

## महापौर ने किया पीतमपुरा स्थित पार्क में छतरियों का उद्घाटन



**नई दिल्ली,** 25 जनवरी **(एजेंसी)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता व उत्तरी दिल्ली के महापौर जय प्रकाश ने पीतमपुरा क्षेत्र में एक पार्क में दो बड़ी छतरियों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद, अंजु जैन व वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे। महापौर जय प्रकाश ने कहा कि उत्तरी दिल्ली नगर निगम आर्थिक संकट की स्थिती से गुजर रही है लेकिन फिर भी उत्तरी दिल्ली नगर निगम में पार्षद खुद की कोशिशों और समाज के सहयोग से दिल्ली के नागरिकों की सेवा के लिए तत्पर हैं। यही कारण है कि इतने बड़े-बड़े काम समाज के लोगों के सहयोग से हो पा रहे हैं। पार्षद अंजू जैन ने बताया कि इन छतरियों के निर्माण पर करीब 20 लाख रुपए का खर्च आया है। इनके निर्माण के लिए विशेष तौर पर जोधपुर से कारीगर बुलाए गए थे।

## चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कालिंदी कुंज इलाके में एक नाबालिग ने चार वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी वारदात के बाद पीड़ित मासूम को बेसुध हालत में छोड़ कर फरार हो गया। घर में बच्ची के न मिलने पर परिजनों ने उसकी तलाश की तो वह उनके घर की इमारत की छत पर पड़ी हुई मिली। जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती करवा गया और मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने संबंधित धारओं में केस दर्ज कर नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया और बाल सुधार गृह भेज दिया है। वारदात 18 जनवरी की है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़ित मासूम अपने परिवार के साथ कालिंदी कुंज में किराए के मकान में रहता है।

जबकि वह मूलत: बिहार का रहने वाला है। जिस बिल्डिंग में पीड़ित परिवार रहता है, उसी में नाबालिग आरोपी भी अपने माता-पिता के साथ रहता है। 18 जनवरी को जब चार वर्षीय बच्ची के माता-पिता किसी काम से बाहर गए थे, आरोपी बच्ची को छत पर ले गया और उससे दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बेहोशी की हालत में छत पर ही छोड़कर भाग गया। घर लौटने पर उसके माता-पिता ने बच्ची को घायलावस्था में देखा तो पुलिस को सूचना दी।

## भाजपा ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी दिल्ली के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सभी करीब 2,000 जगहों पर केजरीवाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने करोल बाग जिले के आर के आश्रम मेट्रो स्टेशन पर प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केजरीवाल सरकार के खिलाफ हल्ला बोला। आर के आश्रम में हुए प्रदर्शन में प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक गोयल देवराहा, जिला अध्यक्ष राजेश गोयल, निगम पार्षद बबीता भरीजा और मंडल अध्यक्ष मनीष चढ्ढ़ा उपस्थित थे। इसके अलावा दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में हुए प्रदर्शन में भाजपा नेताओं ने नेतृत्व किया जिनमें नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, हर्ष मल्होत्रा और दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, राजीव बब्बर और राजन तिवारी, विधायक विजेन्द्र गुप्ता, अभय वर्मा, अजय महावर और प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन कुमार शामिल हैं। आदेश गुप्ता ने कहा कि जो ईमानदारी की कसमें खाते थे,जो गाड़ी और बंगला नहीं लेने की बात करते थे और जो सुरक्षा नहीं लेने की बात करते थे, वही केजरीवाल आज भ्रष्टाचार में ऊपर से नीचे तक डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली भाजपा ने पूरे शहर में जो पोस्टर और होर्डिंग्स लगाए थे उसको राजनीतिक तंत्रों द्वारा फाड़वाया जा रहा है।




---

**चर्चा** इलेक्ट्रिक वाह्नों की खरीद को लेकर वित्तीय चुनौतियों पर चर्चा के लिए बैठक आयोजित

# इलेक्ट्रिक वाहनों के लोन की ब्याज दर काफी ज्यादा : जस्मीन शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

**दिल्ली सरकार के डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन की ओर से दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद को लेकर वित्तीय चुनौतियों पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई। इसमें वित्तीय संस्थानों, वाहन निर्माताओं, वितरण सेवा प्रदाताओं और फ्लीड एग्रीगेटर्स के साथ चर्चा की गई। इस बैठक का आयोजन दिल्ली ईवी फोरम के तले किया गया। दिल्ली ईवी फोरम की पहली बैठक 18 दिसम्बर 2020 को हुई थी। दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहन प्रसार के लिए वित्तीय संस्थानों को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली सरकार की ओर से उठाए जाने वाले कदमों की पहचान करने के लिए बैठक बुलाई गई। आरएमआई इंडिया और डब्ल्यूआरआई इंडिया की ओर से सहयोग से चर्चा का आयोजन किया गया।**

**■ इलेक्ट्रिक वाहनों की दृष्टि से दिल्ली को भारत की राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं : जस्मीन शाह**

इस अवसर पर दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन के उपाध्यक्ष जस्मीन शाह ने कहा कि हम इलेक्ट्रिक वाहनों की दृष्टि से दिल्ली को भारत की राजधानी बनाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इलेक्ट्रिक वाहनों को बड़े पैमाने पर अपनाने में वित्तीय विकल्पों की कमी संबंधी महत्वपूर्ण बाधा है। इस चर्चा ने अग्रणी वित्तीय संस्थानों को सभी हितधारकों के साथ बेहद जरूरी संवाद के लिए आवश्यक मंच प्रदान किया है। बैठक में प्रमुख बैंक और वित्तीय संस्थानों में यस बैंक, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, एयू बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, मणिपुरम फाइनेंस शामिल हुए। इसके अलावा डिलिवरी सर्विस प्रोवाइडर्स में डेल्हिवरी फ्लीट एग्रीगेटर्स और ओईएम में हीरो इको, महिंद्रा इलेक्ट्रिक आदि शामिल हुए। बैठक में प्रतिभागियों ने इलेक्ट्रिक वाहनों के वित्त से जुड़ी बाधाओं पर प्रकाश डाला और इसके संभावित समाधान भी सुझाए। जस्मीन शाह ने कहा कि दिल्ली की ईवी नीती शुरुआत के बाद से ही दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद में आने वाली विभिन्न चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।




दिल्ली ईवी फोरम में विभिन्न हितधारकों के साथ बातचीत के दौरान महत्वपूर्ण प्रतिक्रिया मिली है कि इलेक्ट्रिक वाहनों के लोन की ब्याज दर काफी ज्यादा है। इसकी वजह ईवी तकनीक, पुराने वाहन का मूल्य और बैटरी की ताकत को लेकर संदेह रहना है। इन चिंताओं पर विचार करने के लिए हमने इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं-ऑपरेटरों की मौजूदगी में सभी प्रमुख बैंकों, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों एनबीएफसी और माइक्रो फाइनेंसिंग संस्थानों एमएफआई के साथ चर्चा का आयोजन किया।

हम ईवी नीति के सुगम कार्यान्वयन के लिए इस तरह के निरंतर संवाद और हितधारकों के साथ सतत काम करना चाहते हैं। वहीं डब्ल्यूआरआई इंडिया के कार्यकारी निदेशक अमित भट्ट ने कहा कि बैंकों के सामने इलेक्ट्रिक वाहनों के वित्तीय पोषण की चुनौती का कारण नई तकनीक और कम पुन: विक्रय मूल्य है। आकर्षक लोन की शर्तों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस चर्चा ने हमें चुनौतियों को विस्तार से समझने और मुद्दों को हल करने की दिशा में मदद की है।

आरएमआई इंडिया की प्रिंसिपल अक्षिमा घाटे ने कहा कि दिल्ली की महत्वाकांक्षी ईवी योजना का लक्ष्य स्वच्छ यातायात की दिशा में मजबूत प्रतिबद्धता का संकेत है। व्यापक सतर पर हितधारकों से परामर्श करने से ईवी नीति तैयार करने में लाभ हुआ है। ये परामर्श आगे भी ईवी नीति के क्रियान्वयन में मदद करेगा। दिल्ली की ईवी नीति को वैश्विक स्तर पर सबसे मजबूत उप-राष्ट्रीय ईवी नीतियों में माना जा रहा है।

# संपादकीय

## साख बहाली में बरसों लगेंगे

एक अमेरिकी होने के नाते पिछले पांच दशकों में मैं इतना दुखी और चिंतित पहले कभी नहीं हुआ था, जितना पिछली 6 जनवरी को हुआ। कैपिटल हिल की हिंसा दरअसल अमेरिकी लोकतंत्र के खिलाफ डोनाल्ड ट्रंप के नौ सप्ताह लंबे चुनाव अभियान की परिणति थी। पूर्व उप-राष्ट्रपति जो बाइडन के हाथों सत्ता गंवाने के चंद घंटों के बाद ही ट्रंप आक्रामक हो गए थे। बाइडन को 306 इलेक्टोरल वोट मिले थे, जो 2016 में ट्रंप को मिले वोट के बराबर ही हैं, जिसे तब उन्होंने भारी जीत बताया था। ट्रंप चुनाव अभियान के दौरान बार-बार यह दावा करके तनाव को हवा-पानी दे रहे थे कि अगर वह हारे, तो मतदान में देश भर में की गई व्यापक धोखाधड़ी इसकी वजह होगी। चुनाव के बाद वह सोच-समझकर अपनी इस रणनीति पर आगे बढ़ते गए। सबसे पहले उन्होंने वकीलों की फौज द्वारा चुनाव नतीजों को पलटने के लिए 60 से अधिक मुकदमे दर्ज कराए, जिनका नेतृत्व न्यूयॉर्क सिटी के पूर्व मेयर रूडी गियूलिआनी कर रहे थे। मगर एक को छोड़ सभी में वह नाकाम साबित हुए। फिर, स्विंग स्टेट्स के चुनाव अधिकारियों पर यह दबाव बनाने के लिए उन्होंने खुद उन्हें फोन किया कि या तो वे बाइडन की जीत को प्रमाणित न करें या फिर इतने वोट जुटाएं कि वह अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे दिख सकें। जब यह प्रयास भी विफल हो गया, तब ट्रंप ने अपने उप-राष्ट्रपति माइक पेंस से कहा कि जब मुख्य राज्यों के नतीजों को कांग्रेस में पेश किया जाएगा, तब वह उनको प्रमाणित न करें। पिछले चार वर्षों में ट्रंप के साथ हर मोड़ पर खड़े रहने वाले उप-राष्ट्रपति के लिए ऐसा करना असंभव था। नतीजतन, आखिरी दांव के रूप में कैपिटल हिल पर चढ़ाई की गई। सुखद है कि यह भी कई कारणों से विफल साबित हुआ, जिनमें एक बड़ी वजह है, अमेरिकी संस्थाओं का मजबूत होना। हालांकि, अपने राष्ट्रपति-काल में ट्रंप ने तमाम संस्थानों को अपने अधीन लाने का हरसंभव प्रयास किया था, लेकिन न्यायपालिका हो या कई राज्य सरकारें या फिर अमेरिका का आजाद मीडिया, सभी ने उनका खासा विरोध किया। बहरहाल, इस घटना के परिणामों का आकलन करना फिलहाल जल्दबाजी होगी, लेकिन कुछ चीजें बिल्कुल स्पष्ट हैं। मसलन, इसने दुनिया भर में अमेरिकी लोकतंत्र की छवि को धक्का पहुंचाया है। यह वह राजनीतिक पूंजी थी, जिसके द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति दुनिया भर में लोकतंत्र को बढ़ावा दे रहे थे। यहां तक कि 6 जनवरी से पहले भी, लोकतांत्रिक नैतिकता का जमकर हवाला दिया जाता था, फिर चाहे ट्रंप लोकतंत्र के विभिन्न स्तंभों पर हमलावर ही क्यों न थे। मगर इस घटना से जो नुकसान पहुंचा है, उसे देखते हुए अंदेशा है कि विश्व नेतृत्व की अपनी पुरानी हैसियत को हासिल करने में अमेरिका को संभवत~ दशकों का वक्त लग जाएगा। घरेलू तौर पर भी कैपिटल हिल की घटना का असर ट्रंप के व्हाइट हाउस छोड़ने के काफी समय बाद तक बना रहेगा। अराजकतावादी, षड्यंत्र बताने वाले सिद्धांतवादी और कैपिटल हिल पर हमला करने वाले दंगे समर्थक अपने नेता का राष्ट्रपति-काल तो नहीं बढ़ा सके, लेकिन आज अमेरिकी समाज में मौजूद खाई व बंटवारे को जरूर बेपरदा कर दिया। अब्राहम लिंकन, मार्टिन लूथर किंग जूनियर जैसी शख्सियतों द्वारा अमेरिका को एक 'बेहतर संघ' बनाने के प्रयासों के बावजूद अमेरिकी समाज हमेशा से वैचारिक, मत-संबंधी और नस्लीय विभाजन से ग्रस्त रहा है। हालांकि, मानवाधिकारों के क्षेत्र में अमेरिका ने पिछली आधी सदी में खासा तरक्की की है, और एक समाज के रूप में जातिवादी व कट्टरपंथी तत्वों को हाशिये पर रखने में सफल रहा है। श्वेत राष्ट्रवादियों, आप्रवासी विरोधी समूहों, यहूदी-विरोधी भावनाओं आदि को हवा देना ट्रंप के राष्ट्रपति-काल का मुख्य उद्देश्य रहा। लगातार प्रसारित की जा रही झूठी और गलत सूचनाओं द्वारा वह काफी हद तक रिपब्लिकन पार्टी की पैठ बनाने में सफल भी रहे। कुल 252 रिपब्लिकन सांसदों में से हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में 139 और सीनेट में आठ सांसदों द्वारा इलेक्टोरल कॉलेज के नतीजों को बदलने के लिए हस्ताक्षर करना संकेत है कि रिपब्लिकन पार्टी और अमेरिका को ट्रंप ने किस कदर नुकसान पहुंचाया है। जिन समूहों ने कैपिटल हिल और लोकतंत्र पर हमला किया है, वे बहुत जल्द खत्म नहीं होंगे। वास्तव में, उन्होंने यह संकेत दिया है कि उनकी लड़ाई तो अभी शुरू हुई है। लिहाजा उन पर सख्त और त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। ऐसा होने की उम्मीद है भी, क्योंकि अमेरिकी न्याय विभाग ने पहले से ही उनको सजा देने के लिए मुकदमा चलाने की शुरुआत कर दी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस घटना से उबरने के प्रयास शुरू हो भी चुके हैं। सौभाग्य से अमेरिका के पास जो बाइडन के रूप में अब एक ऐसे राष्ट्रपति हैं, जो इन दोनों मोर्चों पर सुधार को गति देने में सक्षम हैं। जाहिर है, नए राष्ट्रपति के सामने चुनौतियां बड़ी हैं। इनसे पार पाने के लिए योजना, संयम और दृढ़ता की जरूरत होगी। अमेरिका ने करीब 250 वर्षों में जो प्रगति की है, वह एकरूपीय नहीं है। गृह युद्ध, वैश्विक आर्थिक महामंदी, जॉन एफ केनेडी की हत्या जैसे तमाम उठापटक के बाद भी राजनीतिक-सामाजिक क्षेत्रों की कई ऐतिहासिक उपलब्धियां इसके खाते में हैं। कई बार तो ऐसा भी हुआ है कि दो कदम आगे बढ़कर यह एक कदम पीछे हटा है। जैसे, नस्ल के आधार पर समुदायों को बांटने के लिए बनाए गए जिम क्रो कानूनों को अमल में लाने के बाद की गई मुक्ति की घोषणा। ऐसे में, उम्मीद यही है कि 20 जनवरी को जब जो बाइडन राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे, तब उसके बाद अमेरिका एक नई राह पर आगे बढ़ सकेगा। हालांकि, तब तक डोनाल्ड ड्रंप की तानाशाही प्रवृत्ति और निरंकुश व्यवहार पर लगाम लगानी होगी। 25वें संविधान संशोधन के तहत कार्रवाई से उप-राष्ट्रपति ने मना कर दिया है, अत~ अब ट्रंप पर महाभियोग चलाने व पद से हटाने की कवायदें तेज होने लगी हैं। मगर दीर्घावधि में यह जरूरी है कि ट्रंप और उनके कट्टर समर्थकों की इस गैर-अमेरिकी गतिविधि की जिम्मेदारी तय की जाए। यह प्रयास भी करना होगा कि अमेरिका अपना पुराना रुतबा पा सके। इसे फिर से अमेरिका बनाने की जरूरत है, न कि ट्रंप-भूमि। यहां पर लोकतंत्र की जीत पूरी दुनिया में लोकतंत्र समर्थकों की जीत मानी जाएगी।

**प्रवीण कुमार सिंह**

# मिसाइलों के निर्यात से भारत अपने उन मित्र देशों को मजबूत करना चाहता है जिन पर चीन हेकड़ी दिखाता है

दुनिया की सबसे तेज गति वाली मिसाइलों में शामिल ब्रह्मोस मिसाइल सर्वाधिक खतरनाक एवं प्रभावी शस्त्र प्रणाली है। यह न तो रडार की पकड़ में आती है और न ही दुश्मन इसे बीच में भेद सकता है। एक बार दागने के बाद लक्ष्य की तरफ बढ़ती इस मिसाइल को किसी भी अन्य मिसाइल या हथियार प्रणाली से रोक पाना असंभव है। 300 किलोग्राम वजन के हथियार को ले जाने में सक्षम इस मिसाइल को मोबाइल करियर से भी लांच किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण पोखरण क्षेत्र में कई बार किया जा चुका है।

हाल में मोदी सरकार ने सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल सिस्टम के निर्यात का फैसला किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अनुसार आकाश मिसाइल का निर्यात किया जाने वाला संस्करण भारतीय सेनाओं के पास मौजूद संस्करण से अलग होगा। सर्वविदित है कि भारत अपनी रक्षा जरूरतों को दूसरे देशों की मदद से पूरा करता आ रहा है, परंतु अब वह अन्य देशों को अपनी आधुनिक मिसाइलों को बेचेगा भी। मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का सदस्य बनने के बाद भारत के लिए यह काम आसान हो गया है। आकाश मिसाइल को वायु सेना में वर्ष 2014 में और थल सेना में वर्ष 2015 में शामिल किया गया था। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित आकाश मिसाइल की तकनीक एवं विकास 96 प्रतिशत स्वदेशी है। पिछले दिनों विश्व के जिन देशों में रक्षा प्रदर्शनियां आयोजित हुई हैं उनमें आकाश मिसाइल को लेकर कई देशों ने रुचि दिखाई है। शायद इसी वजह से इस मिसाइल के निर्यात को सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। उसने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि भारत आकाश मिसाइल केवल उन्हीं देशों को बेचेगा जिनसे उसके बेहतर एवं मैत्रीपूर्ण संबंध हैं।

मोदी सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना चाहती है। इसीलिए वह बड़े पैमाने के रक्षा निर्यात पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। सरकार चाहती है कि भारत का रक्षा निर्यात पांच अरब डॉलर तक सालाना हो जाए। उसने इसे पूरा करने के लिए एक समिति का भी गठन किया है, ताकि विभिन्न देशों में रक्षा निर्यात की संभावनाओं को तलाशा जा सके। अभी तक दुनिया के रक्षा बाजार में भारतीय निर्यात काफी कम है।




निश्चित रूप से आकाश मिसाइल की बिक्री से वैश्विक रक्षा बाजार में भारत की भागीदारी बढ़ जाएगी। फिलहाल आकाश मिसाइल की खरीद में दक्षिण एशिया के नौ देशों एवं अफ्रीकी मित्र देशों ने रुचि दिखाई है। कुछ मित्र देशों ने आकाश मिसाइल के अतिरिक्त तटीय निगरानी प्रणाली, रडार तथा एयर प्लेटफॉर्म को भी खरीदने में अपना रुझान दिखाया है। इनमें हल्के लड़ाकू विमान, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें, सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें, सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलें आदि शामिल हैं। भारत सरकार ने 2025 तक 35,000 करोड़ रुपये के रक्षा उत्पाद निर्यात करने का लक्ष्य रखा है।

रक्षा उत्पादन निर्यात संवर्धन नीति-2020 का मकसद रक्षा निर्यात के जरिये मित्र देशों के साथ रणनीतिक संबंधों को बेहतर बनाना है। अब तक भारतीय रक्षा निर्यातों में पुर्जे या घटक आदि शामिल थे और बड़े उपकरणों का निर्यात न्यूनतम था। अब सरकार की इस पहल से देश को अपने रक्षा उत्पादों को बेहतर बनाने और उन्हें विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि भारत अपने उन मित्र देशों को मजबूत करना चाहता है जो चीन की आक्रामकता की वजह से अधिक प्रभावित हैं। इन चीन विरोधी देशों को भारत एक-एक कर नई मिसाइलों से लैस कर उन्हें ताकतवर बनाने की नीति पर काम कर रहा है। इस तरह से भारत हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीनी खतरे को जड़ से समाप्त करने के प्रयास में लगा हुआ है। वियतनाम सहित दक्षिण पूर्व एशिया के अधिकांश देश दक्षिण चीन सागर पर चीन की दबंगई को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। फिलीपींस तो अब चीन को साफ शब्दों में कह चुका है कि वह उसके किसी भी दुस्साहस पर उससे उसी ढंग से निपटेगा। ऐसे देशों को भारतीय मदद उन्हें और ताकतवर बनाएगी। आकाश मिसाइल का वजन 720 किलोग्राम है और इसकी लंबाई 19 फीट है। यह 60 किलोग्राम के भार वाले हथियारों को ले जाने में सक्षम है। इसकी मारक क्षमता 40 से 60 किलोमीटर तक की है। यह मिसाइल 4321 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भरती है। यानी एक सेकेंड में 1.20 किलोमीटर। दुश्मन जब तक इसको रोकने का प्रयास करेगा तब तक यह उसे मार कर नेस्तनाबूद कर देगी। इसको एंटी मिसाइल के तौर पर भी उपयोग में लाया जा सकता है। इसके अलावा भारत-रूस के संयुक्त प्रयास से निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम को भी खरीदने में कई देशों ने रुचि दिखाई है। वियतनाम चीन से बचाव के लिए इसे खरीदना चाहता है। इस अत्याधुनिक मिसाइल सिस्टम को बेचने के लिए भारत की नजर में वियतनाम के अतिरिक्त 15 अन्य देश भी हैं। वियतनाम के बाद फिलहाल जिन देशों से बिक्री की बातचीत चल रही है उनमें इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका, चिली, ब्राजील, फिलीपींस, मलेशिया, थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात हैं। उल्लेखनीय है कि इन सभी देशों के साथ दक्षिण चीन सागर मसले पर चीन के साथ तनातनी चल रही है।

दुनिया की सबसे तेज गति वाली मिसाइलों में शामिल ब्रह्मोस मिसाइल सर्वाधिक खतरनाक एवं प्रभावी शस्त्र प्रणाली है। यह न तो रडार की पकड़ में आती है और न ही दुश्मन इसे बीच में भेद सकता है। एक बार दागने के बाद लक्ष्य की तरफ बढ़ती इस मिसाइल को किसी भी अन्य मिसाइल या हथियार प्रणाली से रोक पाना असंभव है। 300 किलोग्राम वजन के हथियार को ले जाने में सक्षम इस मिसाइल को मोबाइल करियर से भी लांच किया जा सकता है। ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण पोखरण क्षेत्र में कई बार किया जा चुका है।

हाल में इस मिसाइल में कुछ सुधार कर इसकी क्षमता को भी बढ़ाया गया है। इसे समुद्र और सतह के साथ हवा से भी दागा जा सकता है। इसकी अधिकतम गति 2.8 मैक अर्थात ध्वनि की गति से लगभग तीन गुनी अधिक है। कुल मिलाकर सरकार के इस निर्णय के बाद रक्षा जगत में भारत का रुतबा पूरी दुनिया में बढ़ जाएगा। इससे भारत को दुनिया में स्वयं को एक महाशक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

# मजहबी स्वतंत्रता की आड़ में भेदभाव, हलाल और झटका सर्टिफिकेट पर हंगामा है बरपा



धर्म अथवा पंथ जब तक मानव के व्यक्तिगत जीवन का हिस्सा बने रहते हैं, वह उसकी आध्यात्मिक उन्नति का माध्यम बन कर उसमें एक सकारात्मक शक्ति का संचार करते हैं। लेकिन जब वह मानव के व्यक्तिगत जीवन के दायरे से बाहर निकल समाज के सामूहिक आचरण का माध्यम बन जाता है तो वह समाज में एक सामूहिक शक्ति का संचार करता है। लेकिन यह कहना कठिन होता है कि समाज की यह सामूहिक शक्ति उस समाज को सकारात्मकता की ओर ले जाएगी या फिर नकारात्मकता की ओर। दरअसल एसडीएमसी यानी दक्षिण दिल्ली म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के अंतर्गत आने वाले मीट की दुकानों या होटलों आदि को मीट के हलाल या झटका होने का बोर्ड लगाना अनिवार्य होगा। एसडीएमसी की सिविक बॉडी की स्टैंडिंग कमेटी ने एक प्रस्ताव पास किया है कि हिंदू और सिख के लिए हलाल मीट खाना वर्जित है। इससे पहले क्रिसमस के दौरान केरल के ईसाइयों ने भी हलाल मांस के विरोध में प्रदर्शन किया था।

हलाल दरअसल एक अरबी शब्द है, जिसका उपयोग कुरान में भोजन के रूप में स्वीकार करने योग्य वस्तुओं के लिए किया गया है। इस्लाम में आहार संबंधी कुछ नियम बताए गए हैं, जिन्हें हलाल कहा जाता है। लेकिन इसका संबंध मुख्य रूप से मांसाहार से है। जिस पशु को भोजन के रूप में ग्रहण किया जाता है, उसके वध की प्रक्रिया विशेष रूप से बताई गई है।

इसी के चलते मुस्लिम देशों में सरकारें ही हलाल का सर्टिफिकेट देती हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जो मीट वहां परोसा जा रहा है, वह उनकी मजहबी मान्यताओं के अनुरूप है। हमारे देश में भी भारतीय रेल और विमानन सेवाओं से लेकर फाइव स्टार होटल तक हलाल सर्टिफिकेट हासिल करते हैं जो यह सुनिश्चित करता है कि परोसा जा रहा मांस हलाल ही है। लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे देश में यह सर्टिफिकेट सरकार द्वारा नहीं दिया जाता।

भारत में विभिन्न वस्तुओं के लिए अलग अलग सर्टिफिकेट का प्रावधान है, जो उनकी गुणवत्ता तय करते हैं। जैसे औद्योगिक वस्तुओं के लिए आइएसआइ मार्क, कृषि उत्पादों के लिए एगमार्क, प्रसंस्कृत उत्पादों जैसे जैम, अचार आदि के लिए एफपीओ, सोने के लिए हॉलमार्क आदि। लेकिन हलाल का सर्टिफिकेट भारत सरकार नहीं देती है। भारत में यह सर्टिफिकेट कुछ प्राइवेट संस्थान जैसे हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, हलाल सर्टिफिकेशन सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जमायत उलमा ए हिंदू हलाल ट्रस्ट आदि देते हैं।

अभी तक देश से निर्यात होने वाले डिब्बाबंद मांस के लिए वाणिय एवं उद्योग मंत्रलय के तहत आने वाले खाद्य उत्पादन निर्यात विकास प्राधिकरण को हलाल प्रमाणपत्र देना पड़ता था, क्योंकि दुनिया के अधिकांश मुस्लिम देश हलाल मांस ही आयात करते हैं। अब प्रश्न उठता है कि उपरोक्त तथ्यों के क्या मायने हैं।

अमेरिका व ऑस्ट्रेलिया समेत यूरोप के अनेक देश समझ चुके हैं कि मजहबी मान्यताओं के नाम पर हलाल सर्टिफिकेट के जरिये एक आर्थिक युद्ध की आधारशिला रखी जा रही है। यही कारण है कि ऑस्ट्रेलिया की दो बड़ी मल्टी नेशनल कंपनियों ने अपने उत्पादों के लिए हलाल सर्टिफिकेट लेने से यह कहते हुए इन्कार कर दिया कि उनके उत्पाद शुद्ध शाकाहारी हैं, इसलिए उन्हें इसकी आवश्यकता नहीं है। लेकिन यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे देश में राष्ट्रवाद की बात करने वाले बाबा रामदेव तक अपने शाकाहारी औषधीय उत्पादों का हलाल सर्टिफिकेशन करवाने के लिए संबंधित संगठनों को भारी फीस देते हैं।

## नए नेतृत्व में अमेरिका

अमेरिका के नए राष्ट्रपति के रूप में जो बाइडन और उपराष्ट्रपति के रूप में कमला हैरिस का शपथ लेना न केवल अमेरिकियों के लिए बल्कि बाकी दुनिया के लिए भी कितना अहम है, इसका अंदाजा इस बात से होता है कि नए राष्ट्रपति ने अपने कार्यालय में बैठते ही फैसलों की झड़ी लगा दी। पहले तीन फैसलों पर हस्ताक्षर कैमरे के सामने किए गए। इनमें दो घरेलू मामलों से संबंधित थे। एक के जरिये अमेरिका में मास्क पहनना और सोशल डिस्टैंसिंग का पालन करना अनिवार्य बना दिया गया तो दूसरे आदेश में कमजोर तबकों को मदद मुहैया कराने की बात कही गई। ये दोनों फैसले ट्रंप के स्थापित रुख के उलट जाते हैं। ट्रंप अपने कार्यकाल के आखिर तक मास्क का मजाक ही उड़ाते रहे थे। बाइडन ने बतौर राष्ट्रपति अपने पहले भाषण में भी लोगों का आह्वान किया कि वे राजनीति को दरकिनार करके एक राष्ट्र के रूप में इस महामारी का मुकाबला करें। बहरहाल, कैमरे के सामने जिस तीसरे फैसले पर बाइडन ने हस्ताक्षर किए वह पेरिस जलवायु समझौते में अमेरिका की वापसी का है। जिस इकतरफा अंदाज में ट्रंप ने इस अंतरराष्ट्रीय समझौते से बाहर आने की घोषणा की थी, वह पूरी दुनिया को चकित करने वाला था। बाइडन ने पहले ही दिन उस फैसले को पलटकर यह संदेश दिया है कि ट्रंप से पहले तक अमेरिका जिन मूल्यों और सिद्धांतों की वकालत करता रहा है, आगे भी वह उनपर कायम रहेगा।

पहले दिन लिए गए बाइडन के 17 फैसलों में और भी कई ऐसे हैं जो बताते हैं कि पिछले चार सालों में जो विचलन अमेरिकी नीति में दिखे थे, उन्हें नियम न मानकर अपवाद के ही रूप में देखा जाए। मगर विदेश नीति में निरंतरता के तत्व हमेशा बदलाव से ज्यादा होते हैं इसलिए बाइडन प्रशासन भी ट्रंप के कार्यकाल में हुई घटनाओं को पूरी तरह नजरअंदाज करके इस दायरे में अपनी नीतियां नहीं तय कर सकता। यह बात खास तौर पर चीन के संदर्भ में लागू होती है। भारत से लगी लद्दाख सीमा पर और साउथ चाइना सी के इलाकों में उसने इधर जिस तरह की आक्रामकता दिखाई है, उस पर अमेरिकी रुख में किसी तरह की नरमी के संकेत बाइडन प्रशासन की ओर से नहीं दिए गए हैं।

पूरी संभावना है कि चीन के बरक्स भारत का साथ देने का अमेरिकी रुख आगे भी बरकरार रहेगा। हालांकि ठीक यही बात पाकिस्तान के संदर्भ में नहीं कही जा सकती। नामित रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन के पहले बयान में ऐसे संकेत मौजूद हैं कि अफगानिस्तान के मामले में पाकिस्तान का सहयोग सुनिश्चित करने और उसे पूरी तरह चीन की गोद में जाने से रोकने के लिए अमेरिका उसको साथ लेकर चलने की नीति अपना सकता है। साफ है कि भारत को बदलते समीकरणों पर बारीकी से नजर रखते हुए उन्हें अपने अनुकूल बनाने और बदलावों के अनुरूप अपनी पोजिशनिंग दुरुस्त करने के लिए तत्पर रहना होगा।

# जिस मुल्क की बुनियाद ही धार्मिक आधार पर पड़ी हो वह दूसरे धर्मों के साथ भेदभाव तो करेगा ही

ऐसे में भारत की प्रतिष्ठा पर प्रहार का पाकिस्तानी दांव सफल नहीं हो सकता। भारत ने अपने सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए पाकिस्तान से एकदम अलग आधारशिला रखी। वह राह भारतीय संविधान के मूलभूत सिद्धांतों में झलकती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत तो यही है कि भारत में सभी धर्म एकसमान हैं और किसी के साथ धींमिक आधार पर कोई कानूनी या सामाजिक भेदभाव नहीं होना चाहिए।

विगत 30 दिसंबर को पाकिस्तान में एक और हिंदू धार्मिक स्थल का ध्वंस किया गया। यह मामला खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के करक जिले से जुड़ा है जहां टेरी कस्बे में परमहंस महाराज की समाधि को कट्टरपंथियों ने आग के हवाले कर दिया। इस समाधि का निर्माण पिछली सदी के तीसरे दशक में हुआ था जिसे 1997 में ढहा दिया गया था। फिर 2015 में पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर उसका पुनर्निर्माण किया गया। प्रतीत होता है कि समाधि परिसर में कुछ निर्माण कार्य चल रहा था जो स्थानीय मुस्लिमों और मौलवियों को स्वीकार्य नहीं था। पाकिस्तानी मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक मौलवियों ने भीड़ को समाधि का ध्वंस करने के लिए उकसाया। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश ने मामले पर स्वत~ संज्ञान लेते हुए 5 जनवरी को आदेश दिया कि समाधि का फिर से निर्माण किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन पुलिसकर्मियों ने यह हादसा होने दिया उनका केवल निलंबन ही पर्याप्त नहीं होगा। अदालत ने अफसोस जताते हुए कहा कि इससे पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय शर्मिंदगी झेलनी पड़ी।




स्पष्ट है कि पाकिस्तानी न्यायिक एवं राजनीतिक कार्रवाई की मंशा क्षेत्रीय देशों और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष यही दर्शाना है कि पाकिस्तान अल्पसंख्यकों के लिए महफूज देश है जहां वे शांतिपूर्ण, सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत करते हुए अपनी धार्मिक परंपराओं का पालन कर सकते हैं। पाकिस्तान अपनी यह छवि सुधारने का प्रयास इसीलिए कर रहा है, क्योंकि अल्पसंख्यकों के लगातार उत्पीड़न की खबरों से उसकी प्रतिष्ठा बहुत धूमिल हो गई है। कुछ दिन पहले ही सिंध प्रांत में एक हिंदू लड़की का अपहरण कर उसका जबरन इस्लाम में धर्मांतरण कर मुसलमान पुरुष से निकाह करा दिया गया। पाकिस्तानी अदालतें भी अमूमन धर्मांतरण कराने वाले काजियों और निकाह करने वाले पुरुषों का ही पक्ष लेती हैं। वहां ईशनिंदा से जुड़े ऐसे कानून भी हैं जो अल्पसंख्यकों के जीवन और स्वतंत्रता के लिए बड़ा खतरा हैं।

समाधि प्रकरण पर भारत ने आधिकारिक रूप से अपनी चिंता व्यक्त करते हुए पाकिस्तान को यह भी स्मरण कराया कि अल्पसंख्यकों और उनके धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उसका दायित्व है। कूटनीतिक रूप से यह उचित था। वहीं पाकिस्तान भारत और वैश्विक समुदाय को अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का भरोसा दिलाने के बजाय उलटे अपने अल्पसंख्यकों के प्रति भारत के रवैये पर ही सवाल उठाने लगा। उसने भारत की आपत्ति को खारिज करते हुए समाधि पर हुए हमले के बाद अपनी कार्रवाई का विवरण सामने रख दिया। हालांकि पाकिस्तान ने इस तथ्य को अनदेखा ही किया कि किसी मामले पर शुरुआती त्वरित कार्रवाई कहानी का एक पहलू है और उसे न्यायिक परिणति तक पहुंचना एक अलग मसला। मामले को अंजाम तक पहुंचाने में पाकिस्तान का रिकॉर्ड बहुत लचर है।

पाकिस्तानी एजेंसियों ने 2008 के मुंबई आतंकी हमले को लेकर अपने जिस ढुलमुल रवैये का परिचय दिया उससे स्पष्ट हो गया कि पाकिस्तान आतंकवाद और हिंसा को गंभीरता से नहीं लेता। जो मुल्ला अल्पसंख्यकों पर ईशनिंदा का आरोप लगाते हैं उनके खिलाफ भी यही रवैया अपनाया जाता है। अल्पसंख्यकों पर झूठे आरोपों की समुचित जांच नहीं होती और उन्हें उसी आधार पर सजा दे दी जाती है। उन्हें सालों-साल जेल में गुजारने पड़ते हैं। न्यायाधीश भी स्वतंत्र एवं निष्पक्ष फैसला सुनाने से डरते हैं और अक्सर इन आरोपितों को हिंसक भीड़ का शिकार होना पड़ता है, जबकि असल अपराधी बच निकलते हैं। इक्का-दुक्का मामलों में ही कुछ कार्रवाई होती है। जैसे आसिया बीबी नाम की ईसाई महिला पर लगे ईशनिंदा के झूठे आरोपों पर अंतरराष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान गया तो पाकिस्तानी एजेंसियों को कुछ दखल लेना पड़ा, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय आलोचना से कुछ बच सकें। अंतत~ आसिया बीबी को पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट ने बरी किया। निर्दोष ठहराए जाने के बावजूद पाकिस्तान में कट्टरपंथियों से उनकी जान को खतरा था। उन्हें परिवार सहित पाकिस्तान छोड़कर विदेश जाना पड़ा। परमहंस महाराज की समाधि पर हमले का मामला इकलौता नहीं है, बल्कि यह कई दशकों से पाकिस्तानी समाज में पनपती कट्टरता का ही परिणाम है। पिछली सदी के नौवें दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ अमेरिकी जंग में पाकिस्तान की सक्रियता के बाद इस कट्टरपंथी मानसिकता में और उबाल आया। वह जिया उल हक का दौर था जिन्होंने देश में और कट्टर इस्लामिक कानून और परंपराओं को बढ़ावा दिया। साथ ही पारंपरिक इस्लामिक तंत्र पर सऊदी अरब जैसे कट्टर तंत्र का और अधिक प्रभाव पड़ा। परिणामस्वरूप पाकिस्तान में न केवल अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा बढ़ी, बल्कि शिया-सुन्नी संघर्ष और यहां तक कि सुन्नियों के ही कुछ वर्गों में तलवारें खिंचती गईं।

पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान फिलहाल इस प्रचार में लगे हैं कि जहां भारत एक कट्टर देश बनता जा रहा है वहीं पाकिस्तान उदार बनने की राह पर है। उनका यह दावा सही नहीं और हालिया समाधि प्रकरण पाकिस्तानी समाज की सोच को दर्शाता है। तथ्य यही है कि जिस मुल्क की बुनियाद ही धार्मिक आधार पर पड़ी हो वह दूसरे धर्मों के साथ भेदभाव तो करेगा ही, बल्कि समय के साथ उसकी कट्टरता और बढ़ती जाएगी। यह इतिहास का सबक है। ऐसे में भारत की प्रतिष्ठा पर प्रहार का पाकिस्तानी दांव सफल नहीं हो सकता। भारत ने अपने सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए पाकिस्तान से एकदम अलग आधारशिला रखी। वह राह भारतीय संविधान के मूलभूत सिद्धांतों में झलकती है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांत तो यही है कि भारत में सभी धर्म एकसमान हैं और किसी के साथ धींमिक आधार पर कोई कानूनी या सामाजिक भेदभाव नहीं होना चाहिए।

गौरवशाली भारत के स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं, दिल्ली.... से मुद्रित एवं, ब्लॉक नं. 23 मकान नं. 399 त्रिलोकपुरी दिल्ली....91 से प्रकाशित संपादक -प्रवीण कुमार सिंह, टेलीफोन नं. 011.22786172 फैक्स नं. 011.22786172
RNI, No. DELHIN383334, E-mail: gauravashalibarat@gmail.com इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के पीआरबी एट के तहत

## संक्षिप्त समाचार

### डंडे से पीट-पीट कर पति को मार डाला, लाश को घर में छोड़ फरार हो गई पत्नी



**पटना।** राजधानी पटना के पुनपुन के पिपरा थाना क्षेत्र के शेखपुरा गांव में रविवार की सुबह पति-पत्नी के बीच झगड़ा हुआ, जिसमें पत्नी ने लाठी-डंडे से पीट-पीटकर पति की हत्या कर घर छोड़कर फरार हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। बाद में ग्रामीणों के सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को बरामद कर लिया। आरोपित पत्नी को पुलिस ने गांव के एक घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना पीएमसीएच भेजा दिया। इस संबंध में मृतक नीरज केवट ( 35 वर्ष) की मां बासमती देवी ने अपनी बहू संगीता देवी सहित अन्य दो लोगों के खिलाफ पिपरा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। बासमती देवी ने पुलिस को बताया कि उसके पुत्र और बहू के बीच अक्सर झगड़े होते थे। वह पुराने घर में ही रहती है, जबकि उसका पुत्र और बहू अपने दो बच्चों के साथ पुराने घर के बगल में ही स्थित नए मकान में रहते हैं। शनिवार को झगड़े और मारपीट की आवाज सुनकर वह उसके घर के दरवाजे पर पहुंची, लेकिन उसकी बहू ने दरवाजा खोले बिना गाली गलौज कर उसे भगा दिया। रविवार की सुबह शोरगुल होने पर वह दोबारा वहां गई तो देखा कि उसका पुत्र मृत पड़ा है। खून का छींटा घर के कमरे में फैला था और घर में कोई सदस्य नहीं था। इस संबंध में पिपरा थाना के एसएचओ सतेंद्र कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। उसके साथ अन्य दो लोग थे, जिनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है।

### रेलवे का सामान चुराने वाली पांच महिलाएं गिरफ्तार, गया में रंगदारी मांगने आये युवक की धुनाई



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के बेतिया जिले के चनपटिया के महुअवा गांव से बाइक से बेतिया आ रहे चचेरे भाइयों सदा हुसैन (18) व ताहिर हुसैन (18) की मौत रविवार की सुबह ट्रक से कुचल हो गयी। घटना बेतिया-मैनाटांड़ पथ पर खैरटिया व शेखधुरवा गांव के बीच की है। मनुआपुल थानाध्यक्ष निर्भय कुमार राय ने बताया कि दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। ट्रक व उसके चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। मामले में अज्ञात ट्रक चालक पर एफआईआर दर्ज की जा रही है।
गया जिले के डेल्हा थाना क्षेत्र के बागेश्वरी गुमटी बमबाबा गली के पास रंगादारी मांगने आये युवक ने रंगदारी नहीं देने पर भय पैदा करने के लिए फार्यरग की। इसके बाद दुकानदार के साथ मारपीट करने लगा। हो-हल्ला होने पर मुहल्ले के लोग जुटे और उसकी  धुनाई कर दी। युवक को गंभीर हालत में जयप्रकाश नारायण अस्पताल ले जाया गया। यहां से डॉक्टरों ने उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। वहां ट्रामा सेंटर में इलाजरत युवक की हालर्त ंचताजनक बनी थी। डेल्हा थानाध्यक्ष बबन बैठा ने बताया कि घायल युवक छोटू पासवान अपराधी प्रवृति का है। इसके पहले भी वह कई बार जेल जा चुका है। रविवार को दुकानदार से रंगदारी मांगने आया था। नहीं देने पर दो राउंड फायरिंग भी की थी। इस दौरान दुकानदार के साथ वह मारपीट करने लगा था। इसके बाद लोगों ने उसकी पीटाई कर दी। मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे उसकी स्थिति चिंताजनक बनी है। वहीं साथ रहे दूसरे युवक की गिरफ्तारी के लिए सिटी डीएसपी राजकुमार साह, डेल्हा थानाध्यक्ष व कोतवाली थानाध्यक्ष रामाकांत तिवारी लगातार छापेमारी कर रहे हैं।
अहियापुर थाने के एसकेएमसीएच ओवरब्रिज के पास पुलिस ने छापेमारी कर आजाद हिन्द फौज से जुड़े एक कुख्यात समेत छह को उठाया है। इनसे पूछताछ कर पुलिस ने आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कुख्यात मीनापुर के एक गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। उसके साथ एक शूटर भी पुलिस के हत्थे चढ़ा है। हथियार भी बरामद किए गए हैं।
बिहार के बेतिया जिले के चनपटिया के महुअवा गांव से बाइक से बेतिया आ रहे चचेरे भाइयों सदा हुसैन (18) व ताहिर हुसैन (18) की मौत रविवार की सुबह ट्रक से कुचल हो गयी। घटना बेतिया-मैनाटांड़ पथ पर खैरटिया व शेखधुरवा गांव के बीच की है। मनुआपुल थानाध्यक्ष निर्भय कुमार राय ने बताया कि दोनों मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के हवाले कर दिया गया है। ट्रक व उसके चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। मामले में अज्ञात ट्रक चालक पर एफआईआर दर्ज की जा रही है।

### दुमका कोषागार से निकासी के मामले में लालू प्रसाद की ओर से हाईकोर्ट में जवाब दाखिल, मांगी जमानत



**रांची।** चारा घोटाले में सजा काट रहे लालू प्रसाद यादव की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया है। कोर्ट के आदेश के बाद लालू की जेल में रहने की अवधि की पूरी रिपोर्ट अदालत में दाखिल की गई है। लालू प्रसाद की आधी सजा आठ फरवरी को पूरी होगी। लालू के अधिवक्ता देवर्षि मंडल ने बताया कि पांच फरवरी को सुनवाई करने का अदालत से आग्रह किया जाएगा। दुमका कोषागार मामले में लालू प्रसाद ने जमानत के लिए याचिका दायर की है। सीबीआई कोर्ट ने इस मामले में लालू प्रसाद को दोषी करार देते हुए सात साल की सजा सुनायी है। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने लालू प्रसाद को आधी सजा काटने का दस्तावेज पेश करने को कहा था। इस मामले में जमानत मिलने के बाद लालू प्रसाद जेल से बाहर निकल जाएंगे। जवाब में बताया गया है कि लालू प्रसाद यादव ने दुमका कोषागार मामले में 42 माह 23 दिन जेल में बिताए हैं, जो कि सजा की आधी अवधि होती है। ऐसे में उन्हें जमानत मिलनी चाहिए। इसके साथ ही लालू की ओर से जमानत पर जल्द सुनवाई के लिए झारखंड हाईकोर्ट से विशेष आग्रह किया गया है। लालू की ओर से आधी सजा पूरी करने और बीमारी का हवाला देते हुए झारखंड हाईकोर्ट से जमानत की गुहार लगाई गई है। लालू प्रसाद यादव को 4 मामलों में सजा मिल चुकी है। इसमें से 3 मामलों में उन्हें हाईकोर्ट से जमानत मिल चुकी है। अगर दुमका कोषागार मामले में उन्हें जमानत मिलती है तो वह जेल से बाहर आ जाएंगे। लालू प्रसाद यादव की तबीयत खराब होने के चलते उन्हें रिम्स से दिल्ली स्थित एम्स भेज दिया गया है। यहां पर उनका इलाज चल रहा है। देवर्षि मंडल ने कहा कि एम्स से मेडिकल रिपोर्ट मिलने के बाद उसे भी हाईकोर्ट में दाखिल किया जा सकता है।

# गांधी मैदान में गेट नंबर 10 से होगा पासधारकों का प्रवेश, आम आदमी के प्रवेश पर प्रतिबंध

**पटना।** गणतंत्र दिवस समारोह के लिए गांधी मैदान में तैयारी पूरी हो गई है। रविवार को परेड रिहर्सल के बाद मैदान को सील कर दिया गया। अब इसे 26 जनवरी को सुबह छह बजे खोला जाएगा। समारोह के समय उन्हीं लोगों को प्रवेश दिया जाएगा, जिन्हें पास जारी किया गया है। गांधी मैदान में सुबह नौ बजे राज्यपाल झंडा फहराएंगे। इससे पहले रविवार को पुलिस परेड के रिहर्सल की सलामी प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार अग्रवाल ने ली। परेड में कुल 17 कंपनियों ने भाग लिया। इसके बाद आयुक्त ने मैदान में साफ-सफाई, बिजली, शौचालय तथा सुरक्षा का जायजा लिया।

समारोह में गांधी मैदान के सभी गेट नहीं खुलेंगे। जिला प्रशासन ने चुनिंदा गेट को ही खोलने की इजाजत दी है। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि एक नंबर गेट से मुख्यमंत्री और राज्यपाल का प्रवेश होगा। पांच नंबर गेट से पुलिस परेड में भाग लेने वाले जवान और झांकियां जाएंगी। 9 नंबर गेट पत्रकारों के लिए होगा तथा 10 नंबर गेट से ऐसे लोग मैदान में प्रवेश करेंगे, जिन्हें पास निर्गत किया गया है। बिना पास के प्रवेश की इजाजत नहीं है। मैदान के आसपास वाहन पार्किंग की व्यवस्था होगी ताकि सड़क जाम नहीं हो।

प्रमंडलीय आयुक्त ने गांधी मैदान में पुलिस परेड का निरीक्षण करने के बाद



कारगिल चौक पर शहीदों को पुष्प अर्पित किया। उन्होंने यहां की व्यवस्था का भी जायजा लिया क्योंकि 26 जनवरी को राज्यपाल कारगिल चौक पर शहीदों को नमन करेंगे। पुलिस परेड एवं झांकी देखने के लिए आम आदमी को प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि संक्रमण के कारण मैदान में भीड़ नहीं हो। इसीलिए प्रवेश की इजाजत नहीं दी गई है, जिनके पास पास होगा वही प्रवेश करेंगे। 10 विभागों द्वारा 26 जनवरी को झांकी प्रदर्शित की जाएगी।

गणतंत्र दिवस को लेकर राजधानी पटना में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से तगड़े इंतजाम किये गये हैं। एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस व जीआरपी को जांच के निर्देश दिये गये हैं। 15 सौ अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। सुरक्षाकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि जो भी संदिग्ध दिखे उसकी तलाशी ली जाए। सत्यापन के बाद ही उनको छोड़ा जाए। सभी थानों को अलर्ट जारी कर निर्देश दिया गया है कि 26 जनवरी पर शांति बनी रहे। कहीं पर असामाजिक तत्व गड़बड़ी न फैला सकें। इसलिए हर स्तर पर चौकसी बरती जाए। अपने क्षेत्रों में गश्ती तेज करें। रात में विशेष गश्ती की व्यवस्था की जाए, ताकि कहीं कोई गड़बड़ी न हो। एसएसपी उपेंद्र शर्मा ने बताया कि शहर की सुरक्षा के लिए 15 सौ अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। लिहाज से संवेदनशील जगहों पर इनकी तैनाती की गई है। इसके अलावा प्रमुख चौराहों पर भी इनकी तैनाती है।

सुरक्षा की कड़ी में रविवार की शाम को पुलिस और जीआरपी द्वारा जांच अभियान शुरू कर दिया गया। सभी होटलों व ढाबों की पुलिस जांच कर रही है। होटलों में ठहरने वालों का भी सत्यापन शुरू कर दिया गया है। होटल संचालकों से कहा गया है कि कोई संदिग्ध दिखे तो पुलिस को तुरंत जानकारी दें। सभी की इंट्री रजिस्टर में जरूर करें। पटना जंक्शन पर आरपीएफ-जीआरपी भी चौकन्ना है। रविवार को चप्पे-चप्पे की तलाशी ली गई। जीआरपी और आरपीएफ द्वारा आने-जाने वाली ट्रेनों व रेलवे ट्रैक की भी तलाशी ली गई। पटना जंक्शन आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर विनोद सिंह ने बताया कि 26 जनवरी को देखते हुए स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की गई है।

26 जनवरी के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है। थानेदारों को गश्ती तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस लगातार पेट्रोंलग कर रही है।

## जदयू  का पलटवार, जब लालू केन्द्र में किंगमेकर थे, क्यों नहीं दिया कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न

**पटना।** प्रदेश जदयू के मुख्य प्रवक्ता संजय सिंह ने विपक्ष के नेता पर पलटवार किया है। कहा कि तेजस्वी के पिता लालू प्रसाद केंद्र में तथाकथित किंगमेकर की भूमिका में थे। उस समय क्यों नहीं कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिलाया गया। तब लालू यादव ने एक बार भी कर्पूरी ठाकुर के लिए भारत रत्न की मांग नहीं की थी। नीतीश कुमार ने तो मांग की और पहल भी की है। तेजस्वी जी, अति पिछड़ों के नाम पर इस तरह की घड़ियाली आंसू मत बहाइये। सब जानते हैं, 1990 से लेकर 2014 तक लालू यादव केंद्र से लेकर राज्य में कितने मजबूत रहे हैं।
जदयू प्रवक्ता ने ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर कल भी प्रासंगिक थे आज भी प्रासंगिक हैं। कर्पूरी ठाकुर के विचार,कर्पूरी ठाकुर की सोच महत्वपूर्ण है। लेकिन तेजस्वी यादव कर्पूरी ठाकुर के शिष्य बनने की कोशिश आप कतई मत कीजिए। क्योंकि कर्पूरी ठाकुर ने आप लोगों की तरह सत्ता के लिए पागल नहीं थे। अकूत संपत्ति उन्होंने अर्जित नहीं की थी। जिस 2 जोड़ी कपड़े में वह सीएम हाउस आए थे उसी 2 जोड़ी कपड़े में वह सीएम हाउस से बाहर गए थे। नीतीश कुमार ने पूरे बिहार के जदयू कार्यालयों का भवन %कर्पूरी भवन% के नाम से कर दिया है। किस जिला में जदयू के बड़े सभागार होंगे, उनका नाम कर्पूरी सभागार रखा गया है। प्रदेश कार्यालय में भी जो सभागार है उसका भी नाम कर्पूरी सभागार रखा गया है। हम लोग कर्पूरी ठाकुर के सिद्धांत, विचार और सोच के साथ राजनीति करते हैं।
नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग फिर दोहराई। सोमवार को किए ट्वीट में उन्होंने कहा कि नीतीश जी पटना यूनिवर्सिटी को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा नहीं दिला सकते लेकिन राजनीति से इतर कर्पूरीजी को भारत रत्न दिलाने के लिए आप हमारी मांग का समर्थन करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि क्या इसके लिए मुख्यमंत्री हमारे एमपी-एमएलए के साथ राष्ट्रपति के सामने परेड करेंगे।
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और बिहार की सरकार पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार को अबतक पांच बार अपनी अनुशंसा भेज चुकी है। इसी क्रम में 11 सितंबर 2020 को भी राज्य सरकार ने केंद्र को भेजे अनुशंसा में कर्पूरी ठाकुर को जनसेवा के क्षेत्र में भारत रत्न 2021 सम्मान के लिए अनुशंसा भेजी थी। जननायक के साथ ही डॉ. राम मनोहर लोहिया के नाम की भी अनुशंसा भारत रत्न के लिए की गई है।



### मधुबनी की मिथिला पेंटिंग कलाकार दुलारी देवी को मिलेगा पद्मश्री, 12 साल की उम्र में हुई शादी, कर्पूरी देवी के घर लगाया झाड़ू-पोछा

**पटना।** मिथिला पेंटिंग कलाकार दुलारी देवी को पद्मश्री सम्मान से सम्मनित किया जाएगा। बिहार के मधुबनी जिले के रांटी गांव की रहने वाली दुलारी देवी को गृह मंत्रालय से फोन के माध्यम इसकी सूचना दी गई है। मिथिला पेंटिग की यह कलाकार पढ़ी-लिखी नहीं हैं। बड़ी मुश्किल से हस्ताक्षर और अपने गांव का नाम भर लिख लेती हैं। मगर, इनके कला-कौशल की चर्चा कला जगत की नामचीन पत्र-पत्रिकाओं तक में होती है। इनके मुरीदों में कई बड़े नाम शामिल हैं। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम भी इनमें से एक थे।
54 वर्षीय दुलारी देवी की संघर्ष गाथा प्रेरणा देती है। मधुबनी जिले के राजनगर प्रखंड के रांटी गांव निवासी दुलारी मल्लाह जाति के एक अत्यंत निर्धन परिवार में जन्मीं और बचपन से ही कठिन संघर्ष का सामना करती रहीं। 12 साल की उम्र में शादी हो गई। सात साल ससुराल में बिताए। फिर छह माह की पुत्री की अचानक मौत के बाद मायके आई और यहीं रह गई। दुलारी के पास घरों में झाड़ू-पोंछा कर जीविका चलाने के सिवा कोई और विकल्प नहीं था।
गांव के ही मिथिला पेंटिंग की ख्यातिलब्ध कलाकार कर्पूरी देवी के घर उन्हें झाड़ू-पोंछा का काम मिला। इस दौरान फुर्सत के समय में दुलारी अपने घर-आंगन को



माटी से पोतकर, लकड़ी की कूची बना कल्पनाओं को आकृति देने लगीं। कर्पूरी देवी का साथ पाकर दुलारी ने मिथिला पेंटिंग के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली। दुलारी अब तक सात हजार मिथिला पेंटिंग विविध विषयों पर बना चुकी हैं। 2012-13 में दुलारी राज्य पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं।
गीता वुल्फ की पुस्तक फॉलोइंग माइ पेंट ब्रश और मार्टिन लि कॉज की फ्रेंच में लिखी पुस्तक मिथिला में दुलारी की जीवन गाथा व कलाकृतियां सुसज्जित हैं। सतरंगी नामक पुस्तक में भी इनकी पेंटिग ने जगह पाई है। इग्नू के लिए मैथिली में तैयार किए गए आधार पाठ्यक्रम के मुखपृष्ठ के लिए भी इनकी पेंटिग चुनी गई। पटना में बिहार संग्रहालय के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुलारी देवी को विशेष तौर पर आमंत्रित किया। वहां कमला नदी की पूजा पर इनकी बनाई एक पेंटिग को जगह दी गई है।

# कांग्रेस के नये प्रभारी भक्त चरण दास दूसरे दौर की यात्रा पर पहुंचे बिहार, इन जिलों में जाने का है कार्यक्रम

**पटना।** बिहार कांग्रेस प्रभारी बनने के बाद भक्त चरण दास अपनी दूसरे दौर की यात्रा में सोमवार को राजधानी पटना पहुंचे। पटना में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मदन मोहन झा समेत कई कांग्रेसी नेताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास ने कहा कि मैं अपने दौरे में सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ता, आम जनता, छात्रों से मिलकर उनसे संवाद करूंगा। इसके बाद बैठक में निर्णय लिए जाएंगे।

पिछली बार पटना स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में हुई मारपीट और हंगामे को लेकर उन्होंने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि जो कार्यकर्ता आपस मे ताकत दिखाएंगे तो उन पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और मेरे जानकारी में इस तरह की बातें आएंगी तो उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। वहीं किसानों के आंदोलन पर कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि किसानों के आंदोलन के समर्थन में कल शांतिपूर्ण ढंग से तिरंगा यात्रा निकालेंगे।

कांग्रेस के नये प्रभारी भक्त चरण दास दस दिनों तक बिहार में ही प्रवास करेंगे। इस अवधि में राज्य के अलग-अलग जिलों में घूमकर वहां स्थानीय संगठन की समस्याओं से अवगत होने का कार्यक्रम है। कांग्रेस के बिहार प्रभारी दो दिन पटना में रहेंगे। इस दौरान सदाकत आश्रम में वह पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्षों और दूसरे वरीय नेताओं के साथ बैठक करेंगे। 26 को सदाकत आश्रम में ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद किसान तिरंगा यात्रा की शुरूआत करेंगे। उसी दिन वह पार्टी के वरीय नेताओं से दूसरी बैठक



करेंगे। उसके बाद 27 फरवरी से जिलों की यात्रा शुरू करेंगे। 27 जनवरी को हाजीपुर और उसी दिन मुजफ्फरपुर जाकर वहां के कांग्रेस नेताओं से बात करेंगे। उनका रात्रि विश्राम पूर्वी चम्पारण में होगा। अगले दिन 28 और 29 जनवरी को वह मोतिहारी और बेतिया के नेताओं से बात करेंगे और उसी जिले की दूसरी गतिविधियों में भाग लेंगे।

यात्रा के दौरान वह सबसे अधिक समय बेतिया में देंगे। वहां वह दो दिन तक रहेंगे। गांधी स्मृति आश्रम में स्वतंत्रता सेनानियों से मिलने के बाद वह स्थानीय नेताओं से भी बात करेंगे। साथ ही नरकटियागंज चीनी मिल जाएंगे। 30 को भी उनका कार्यक्रम चम्पारण में ही होगा और रात में गोपालगंज चले जाएंगे। 31 को गोपालगंज और सीवान में बैठक करने के बाद एक फरवरी को वह सारण और भोजपुर में बैठक करेंगे। दो फरवरी को बक्सर और कैमूर तीन को रोहतास और औरंगाबाद तथा चार को वह जहानाबाद और गया जिलों में बैठक करेंगे। पांच को वह गया में बोधी मंदिर का दर्शन के बाद पटना लौटेंगे। छह फवरी को उनका दिल्ली वापस लौटने का कार्यक्रम है।

## संक्षिप्त समाचार



### घर-घर पहुंच रही श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान की अलख

**जबलपुर।** श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान समर्पण निधि समिति पूरे भारत में हर गली मोहल्ले में कॉलोनी में नगरों में बहुत तेजी से राम-राम की गूंज अलख जागी है। उपरोक्त जानकारी देते हुए अभियान प्रचार प्रसार प्रमुख उमेश शुक्ला ने बताया कि कृषि नगर के हरिहर प्रखंड में श्रीराम मंदिर निर्माण अभियान कार्यालय सुहागी हनुमान मंदिर में भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष श्री हनुमान चालीसा एवं श्री राम स्तुति का पठन-पाठन सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निरंजन दुबे, डॉ.कौशल दुबे, अखिलेश शुक्ला, प्रदीप गुप्ता, उमेश शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, प्रमोद पाठक, राजकुमार पटेल सहित स्थानीय गणमान्य नागरिक कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

### धनगर सामाजिक सम्मेलन में मां नर्मदा देवी जागरण




**जबलपुर।** तिलवाराघाट में धनगर समाज के सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें मां नर्मदा देवी जागरण, समग्र सवच्छता अभियान, वनभोज जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जबलपुर, सतना, चित्रकूट, कटनी, मण्डला, राजनांदगांव आदि से शामिल सामाजिक जनों की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील कवीस्वर एवं श्रीराम एनवायरमेंट एंड सोशल सर्विस जबलपुर की कार्यकर्ता सिमरन सिंह शुक्ला का अभिनंदन सम्मानपत्र भेंट कर किया गया। इस अवसर पर श्रीमती रक्षा सोनी, अनिल धनगर, गनेश धनगर, डॉ. बालमुकंद यादव, हरी कृष्णा धनगर, एड. रमाशंकर यादव, एड. विनोद यादव, गोपाल प्रसाद यादव, राकेश यादव, संतोष यादव, नितिन, संदीप, महिला मण्डल की श्रीमती रेशमा यादव, श्रीमती कविता धनगर, श्रीमती अर्चना यादव, श्रीमती दिव्या यादव, पूजा यादव, सुनीला यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

### महापुरुषों की प्रतिमाओं को किया गया स्वच्छ

**जबलपुर।** नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा निगमायुक्त अनूप कुमार सिंह के निर्देशानुसार गणतंत्र दिवस के पावन पर्व के पूर्व अभियान चलाकर सुबह से शाम तक शहर के चौराहों एवं बाग.बगीचों में स्थापित महापुरूषों की मूर्तियों एवं आस पास के क्षेत्रों में बेहतर साफ सफाई कराई गयी। इस संबंध में उद्यान अधिकारी आदित्य शुक्ला ने बताया कि शहर के जिन.जिन चौराहों एवं बाग बगीचों में महापुरुषों की मूर्तियां लगी हुई हैं वहॉ पर उद्यान विभाग की टीम को लगाकर साफ-सफाई के साथ-साथ मूर्तियों की धुलाई भी कराई गयी। इसके पश्चात् 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रातः 8 बजे तक सभी महापुरूषों के ऊपर माल्यार्पण कर उनके चरणों में निगम प्रशासन के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। साफ सफाई एवं धुलाई कार्य के दौरान गार्डन सुपरवाईजर ओमप्रकाश दुबे भी उपस्थित रहे।

### नगरीय विकास एवं आवास मंत्री आज करेंगे ध्वजारोहण

**जबलपुर।** प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह मंगलवार 26 जनवरी को सुबह 9 बजे पंडित रविशंकर शुक्ल स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस के जिले के मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। इसके पहले मंत्री श्री सिंह का सोमवार 25 जनवरी की देर शाम को जबलपुर आगमन हुआ, उन्होंने रात्रि विश्राम यहां सर्किट हाउस में किया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के बाद कार द्वारा दमोह के लिये रवाना होंगे ।

### चंदा बाई को सात हजार की सहायता प्रदान

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने पासी मोहला रानीताल निवासी वृद्ध चंदा बाई को परिवार के भरण पोषण के लिये रेडक्रॉस के फंड से सात हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है । श्री शर्मा ने स्वीकृत सहायता राशि का चेक आज सोमवार को चंदा बाई को प्रदान किया । पति की मृत्यु के बाद चंदाबाई अपने 35 वर्षीय पुत्र अनिल सोंधिया पर आश्रित थीं । अनिल का भी विगत दिनों बीमारी के बाद निधन हो गया था ।

### जबलपुर में महिलाओं की सेना भर्ती रैली 29 से

**जबलपुर।** भारतीय सेना में प्रवेश के लिये महिलाओं की भर्ती रैली 29 जनवरी से 3 फरवरी तक जम्मू और कश्मीर राइफल्स सेंटर, जबलपुर में होगी। रैली में हिस्सा लेने के लिये मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार और झारखण्ड राज्यों की 1800 महिला उम्मीदवारों को चुना गया है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड जारी किये गये हैं, जो प्रवेश का आधार होगा। उम्मीदवारों को रैली से पहले कोविड.19 के लिये परीक्षण करना होगा और रैली स्थल पर परीक्षण परिणाम प्रस्तुत करना होगा। रैली के सफल उम्मीदवारों का मेडीकल फिटनेस के लिये परीक्षण किया जायेगा और अप्रैल 2021 के महीने में लिखित परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा। उम्मीदवारों का प्रशिक्षण वर्ष के उत्तरार्ध में बैंगलोर में शुरू होगा।

### व्हाटसएप पिक्चर मैसेज क्रियेटिंग प्रतियोगिता की अंतिम तिथि आज

**जबलपुर।** महिला,बाल विकास विभाग द्वारा व्हाटसएप पिक्चर मैसेज क्रियेटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता बच्चों, किशोरी, बालिकाओं एवं महिलाओं का स्वास्थ्य, पोषण विकास, महिला एवं किशोरी सशक्तिकरण, महिला एवं बच्चों की सुरक्षा और जेंडर समानता विषय पर आधारित होगी। अठारह से 40 वर्ष की आयु समुह के लिए प्रतियोगिता की अंतिम तिथि 26 जनवरी है। कुल 55 पुरस्कार दिए जाएगें। जिसमें 10 हजार रूपये का प्रथम पुरस्कार पांच लोगों को दिया जायेगा । इसी तरह 5 हजार के दस द्वितीय तथा एक हजार के कुल 50 तृतीय पुरस्कार दिए जाएंगे। व्हाटसएप पिक्चर मैसेज प्रतियोगिता की संदर्भ सामग्री विभागीय वेबसाइट, विभागीय यू.ट्यूब चैनल यूट्यूब पर उपलब्ध है। प्रतिभागी अधिक जानकारी के लिए और अपनी प्रविष्टि अपलोड करने के लिए लॉगइन कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक अजय विश्नोई ने कहा कि लोक सेवा गारंटी की रूपरेखा मध्यप्रदेश में बनी और इसे देश ही नहीं दुनिया ने सराहा। सुशासन की दिशा में यह एक अच्छा कदम है कि जनता की समस्याओं का समाधान सीधे तौर पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि जनता को संतोषप्रद सेवाएं तक ले जाने का प्रयास करें। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री विश्नोई व कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला स्तर और संभाग स्तर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाभिहित अधिकारी को सम्मानित किया। जिला स्तर और संभाग स्तर पर नायब तहसीलदार जबलपुर नेहा जैन उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोक सेवक के रूप में सम्मानित हुई। जबलपुर में उत्कृष्ट लोक सेवा केंद्र के रूप में लोक सेवा केंद्र सिहोरा के संचालक पी पैरवी अहमद हनफी और और बी कैटेगरी में लोक सेवा केंद्र गढ़ा के संचालक श्री अंकित अग्रवाल को सम्मानित किया। संभाग स्तर पर उत्कृष्ट लोक सेवा केंद्र घंसौर जिला सिवनी के संचालक किशोर यादव तथा लोक सेवा केंद्र छिंदवाड़ा शहरी के संचालक अरविंद बेलवंशी को सम्मानित किया गया।

### रक्तदान शिविर आयोजित

**जबलपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के मार्गदर्शन में कृपा अग्रणी वैदिक संस्थान समिति द्वारा निःशुल्क रक्तदान शिविर एवं थैलेसीमिया की जांच 24 जनवरी को शाहीनाका गढ़ा में किया गया। रक्तदान शिविर में 30 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। साथ ही थैलेसीमिया की जांच भी की गई। रक्त संग्रह जिला चिकित्सालय जबलपुर की टीम डॉक्टर अमिता जैन, रवि महलोंनिया, निशा पटेल एवं टीम ने किया। थैलेसीमिया पीड़ित लोगों के लिए कार्य करने वाली संस्था के विकास शुक्ला, अजय घोष, निलेश गुप्ता, विष्णु विनोदिया, रेडक्रॉस सोसाइटी के सदस्य सुनील गर्ग, टीआई भुवनेश्वरी चौहान, मंजरी विश्वकर्मा एवं वर्षा पटेल और आयोजक नीलमणि महलोंनिया का सहयोग रहा।

# शहर की बॉडर पर दौड़े किसानों के ट्रैक्टर, जमकर हुई नारेबाजी

**जबलपुर (एजेंसी)।** भारतीय किसान यूनियन, सर्व के प्रदेश अध्यक्ष सम्मति सैनी के नेतृत्व में जिले किसानों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर ट्रैक्टर रैली निकाली। कटंगी बाईपास से सोमवार को निकाली ट्रैक्टर रैली शहर की बॉडर से होती हुई दीनदयाल चौक के समीप एकत्रित हुई, जहां किसान सभा का आयोजन कर कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

किसान विरोधी वाले कानून बिलों के विरोध को लेकर आयोजित प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन, सर्व के प्रदेश अध्यक्ष सम्मति सैनी ने बताया कि लगातार किसानों के साथ अत्याचार किया जा रहा है। किसान केंद्र की इस नीति से बेहद परेशान है, जिसके विरोध में पहली बार जबलपुर जिले में किसानों द्वारा ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए 500 से ऊपर ट्रैक्टर एवं 5 किलोमीटर से अधिक जाम के काफिले के रूप में एकत्रित हुए। किसानों की उबाल को देखकर पुलिस प्रशासन को अतिरिक्त थानों की पुलिस बुलानी पड़ी एवं वाटर केनन को भी बुलाया गया।





#### एसडीएम को नहीं दिया ज्ञापन

मौजूद स्थान पर किसानों का गुस्सा इतना बढ़ गया कि प्रशासन द्वारा एसडीएम को भेजकर ज्ञापन लेने के लिए कहा गया परंतु किसान का आक्रोश देखकर किसानों ने ज्ञापन एसडीएम को नहीं दिया। इसके पश्चात किसानों द्वारा दीनदयाल चौक पर एकत्रित जगह पर धरना दिया गया। तब कलेक्टर कर्मवीर शर्मा को ज्ञापन देकर किसानों का गुस्सा शांत हुआ। प्रदर्शन के दौरान कई बार प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प की नौबत भी आई।

#### ट्रैक्टरों की लगी लंबी लाइन

दिल्ली के किसान संगठनों के आह्वान पर सोमवार सुबह से ही कटंगी बाईपास में बड़ी संख्या में ट्रैक्टर लेकर किसान नेता अपने समर्थकों के साथ पहुंचे ट्रैक्टर में केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए कानून का काला कानून निरूपित करते हुए उसे वापस लिए जाने के नारे लिखे हुए बैनर पोस्टर लगाए गए थे वहीं बाईपास में दोनों की लंबी लाइन लगी हुई थी। इस अवसर पर किसान नेता गुड्डू उपाध्याय, सोनू दुबे, मनीष पटेल, सुमित यादव बालकिशन पटेल, सतीश पटेल, श्याम सुंदर यादव, प्रसाद सिंह, अखिलेश पटेल, रंजीत यादव, नरेश दीक्षित, शिवेंद्र तिवारी, सतीश यादव, अरविंद ठाकुर, रंजीत पटेल, संतोष राजपूत, घनश्याम पटेल, तुलसी कुशवाहा, सीताराम कुशवाहा, मदन पांडे, करण सिंह, मनजीत सिंह, संजय तिवारी, रामकेश पटेल, मनोज पहलवान, अंकित पटेल आदी उपस्थित रहे।

## 11 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का हुआ आयोजन

# मतदान के संबंध में दी गई जानकारी मतदाताओं को किया गया जागरूक

**जबलपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का 11 वां कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में पं लज्जा शंकर झा मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर हर्ष दीक्षित, राजेश बाथम और मतदाता जागरूकता व निर्वाचन संबंधी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी व नए मतदाता उपस्थित थे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के इस कार्यक्रम में कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने कहा कि मतदाता दिवस का मुख्य उद्देश्य है किए मतदान की प्रक्रिया व उसे लेकर मतदाता को जागरूक करना। क्योंकि यह महत्वपूर्ण प्रक्रिया है अतः इसे जीवंत बनाए रखने के लिए समय.समय पर मतदाता सूची को अपडेट करते रहते हैं, इसमें नए मतदाताओं को शामिल करते हैं। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह लोकतंत्र का आधार है अतः इसे जीवंत व सजीव बनाए रखना है। कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं को शपथ भी दिलाया गया जिसमें मतदाताओं द्वारा शपथ ली गई कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन तथा मतदाता जागरूकता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी.कर्मचारियों को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा नए मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र दिया गया।




### मतदाता परिचय पत्र पाते ही नए मतदाताओं में छाई खुशी की लहर

11 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह का आयोजन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में पं लज्जा शंकर झा मॉडल स्कूल में आयोजित किया गया। इस दौरान मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाकर नये मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र प्रदान किया गया। मतदाता परिचय पत्र पाते ही नए मतदाताओं में खुशी की लहर छा गई। मतदाता परिचय पत्र प्राप्त कर केंट से चिरायु मालवीय, मध्य क्षेत्र जबलपुर से खुशी सबरवाल और नेपियर टाउन निवासी स्वयं संघवी ने कहा कि अब हमें अपने मत देने का अधिकार मिल चुका है, हम बहुत खुश हैं और अब हम लोकतंत्र में होने वाले चुनाव मे अपने मताधिकार का प्रयोग स्व विवेक से करेंगे।



### श्रीजानकीरमण कॉलेज में दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र है और इसका आधार चुनाव ही है। इसमें बड़ी प्रक्रिया होती है जिसमें मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका भी होती है। उपरोक्त जानकारी श्रीजानकीरमण कॉलेज प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने 11 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस आयोजित कार्यक्रम के दौरान दी। कार्यक्रम में एनएसएस जिला संगठक डॉ. आनंद राणा ने विद्यार्थियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सभी प्राध्यापक एवं कॉलेज स्टॉफ, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर राइट टाउन स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह

### नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह करेंगे ध्वजारोहण

**जबलपुर।** राष्ट्र का 72वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को हर्षोल्लास और उत्साह से मनाया जाएगा। जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पं रविशंकर शुक्ल क्रीड़ांगन में आयोजित किया गया है। यहां सुबह ठीक 9 बजे प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन करेंगे। इस अवसर पर आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया जायेगा। कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने नागरिकों से कोविड.19 के दिशा.निर्देशों का पालन करते हुये उमंग और उत्साह से गणतंत्र दिवस मनाने का आग्रह किया है।

गणतंत्र दिवस की 71वीं वर्षगांठ पर आयोजित जिले के मुख्य समारोह में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा अपनी उपलब्धियों एवं योजनाओं पर आधारित झांकियां भी निकाली जायेगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विशेष उपलब्धियां प्राप्त करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों एवं सामाजिक संस्थाओं और व्यक्तियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। समारोह स्थल पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, भूतपूर्व सैनिकों, गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों, पत्रकारों सहित यहां पहुंचने वाले आम नागरिकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। समारोह स्थल पर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिले में स्थित राष्ट्रीय महत्व के स्मारकों एवं स्थलों, शासकीय भवनों, कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं में ध्वजारोहण किया जायेगा। जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह के साथ.साथ अनुविभाग, तहसील, विकासखण्ड, नगरीय निकायों तथा ग्राम पंचायत स्तर तक गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किये जायेंगे और सम्मानपूर्वक राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा जिले के नागरिकों से गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह के साथ कोविड.19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मनाने की अपील की है ।

## गणतंत्र दिवस को लेकर एसडीएम व मजिस्ट्रेट्स को दिए गए दायित्व

**जबलपुर।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कर्मवीर शर्मा ने गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सत्कार तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से एसडीएम एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट्स की ड्यूटी लगाई है। जारी आदेश के मुताबिक कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण कराने का दायित्व डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी नाजरात मेघा पवार को सौंपा गया है। जबकि मुख्य समारोह स्थल पंडित रविशंकर शुक्ल क्रीड़ांगन में व्हीआईपी सेक्टर की व्यवस्था का दायित्व एसडीएम आधारताल ऋषभ जैन और तहसीलदार राजेश सिंह संभालेंगे।

अधिकारियों के सेक्टर की बैठक व्यवस्था डिप्टी कलेक्टर शाहिद खान और तहसीलदार नीता कोरी, महिला सेक्टर की व्यवस्था डिप्टी कलेक्टर कलावती ब्यारे तथा तहसीलदार रश्मि चतुर्वेदी और महिला थाना प्रभारी संयुक्त रूप से संभालेंगी। जबकि पुरस्कार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की बैठक व्यवस्था का कार्य संपादन तहसीलदार स्वाति आर सूर्या को सौंपा गया है। सभी अधिकारी अपर कलेक्टर शहर प्रथम के निर्देशानुसार कार्य संपादित करेंगे।

## जनता को संतोषप्रद सेवाओं तक ले जाने का प्रयास करें : पूर्व मंत्री

### लोक सेवा एवं सुशासन के क्षेत्र में बढ़ते कदम कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के सफलतम 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सोमवार को कलेक्टर सभा कक्ष में लोक सेवा एवं सुशासन के क्षेत्र में बढ़ते कदम कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस दौरान पूर्व मंत्री व विधायक अजय विश्नोई, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, अतिरिक्त कलेक्टर राजेश बाथम, वीपी द्विवेदी और लोक सेवा केंद्र से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि लोक सेवाओ के प्रदाय की गारंटी के अंतर्गत 473 सेवाओं को शामिल किया गया हैं और 117 लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से ऑनलाइन सेवाएं




प्रदान की जा रही है । जिले में लोक सेवा केंद्रों की संख्या 11 है। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी के तहत 23 लाख 56 हजार 530 आवेदनों में से 23 लाख 20 हजार 330 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। समाधान एक दिनए तत्काल सेवाओं के अंतर्गत 3 लाख 84 हजार 562 आवेदनों का निराकरण तत्काल किया गया। लोक सेवा एवं सुशासन के क्षेत्र में बढ़ते कदम का कार्यक्रम भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई, जिसका लाइव टेलीकास्ट को लोगों ने देखा और सुना।

# नैक की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहलू है संस्थागत मूल्य व सामाजिक उत्तरदायित्व : मिश्र

## नैक मूल्यांकन मानदंड की बारीकियों, जागरूकता पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन

**जबलपुर (एजेंसी)।** नैक की सर्वश्रेष्ठ मान्यता के लिए महत्वपूर्ण है कि नैक द्वारा स्वीकृत पैरामीटर्स, मूल्यांकन के विभिन्न रूपों के बारे में अच्छी तरह से परिचित हुआ जाए। नैक मूल्यांकन मानदंड में संस्थागत मूल्य तथा सामाजिक उत्तरदायित्व एक महत्वपूर्ण पहलू है। विशेषज्ञों का अनुभवों का लाभ निश्चित तौर पर रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी को ए ग्रेड यूनिवर्सिटी बनाने की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभायेगा। उपरोक्त संदेश कुलपति प्रो. कपिल देव मिश्र ने सोमवार को नैक मूल्यांकन मानदंड की बारीकियों, जागरूकता पर आयोजित 8 दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए प्रदान किया। आरडीयू, नैक मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल द्वारा नैक के मूल्यांकन मानदंड की बारीकियों को समझने के उद्देश्य को लेकर 19 से 26 जनवरी 2021 तक आयोजित ऑनलाईन कार्यशाला में 25 जनवरी को विषय विशेषज्ञ के रूप प्रो. आर.एस. बावा, मोहाली, चंडीगढ़ ने संस्थागत मूल्य तथा सामाजिक उत्तरदायित्व, सर्वोत्तम विशिष्टताओं जैसे महत्वपूर्ण बिन्दुओं को विस्तार से समझाते हुए कहा कि किसी भी संस्थान को उभरती हुई चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा और पर्यावरणीय चेतना, व्यवसायिक चेतना, व्यावसायिक नैतिकता, लैंगिक समानता आदि मुद्दों के लिए मूल्यों का विकास करना होगा।



नैक मानदंड-7 के प्रमुख बिन्दुओं की चर्चा करते हुए विशेषज्ञ प्रो. आर.एस. बावा ने बताया कि यूनिवर्सिटी की प्रभावी भूमिका उसके नियमित कार्यकरण में सम्मिलित किए गए कार्यक्रमों के स्वरूप, क्रियाकलापों तथा प्राथमिकताओं के संदर्भ में प्रतिबिंबित होती है। इसमें कोई संस्थान किस हद तक प्रभावकारी है, यह निश्चित ही इसकी गुणवत्ता का सूचक है।

#### ये रहे उपस्थित

कार्यशाला में प्रो. एस.एस. संधु, प्रो. राकेश बाजपेयी, सुश्री देवीलता रावत, प्रो. दिव्या चंसोरिया, प्रो. राजेश्वरी राणा इत्यादि ने विषय से सम्बंधित प्रश्नों के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यशाला में अतिथि परिचय व आभार प्रदर्शन प्रो.एस.एस. संधु ने दिया। कार्यशाला का संचालन आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. अंजना शर्मा ने किया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के सभी विभागों के प्राध्यापक, अधिकारी एवं अतिथि विद्वान उपस्थित रहे।



# पुलकित संग बॉलीवुड डेब्यू करने जा रहीं कैटरीना की बहन इसाबेल

कैटरीना कैफ की बहन इसाबेल कैफ के बॉलीवुड डेब्यू की खबरें बीते काफी समय से आ रही थी। कहा जा रहा था कि इसाबेल भी अपनी बहन की तरह बॉलीवुड में करियर बनाने जा रही हैं। अब इसाबेल की फिल्म का ऐलान हो चुका है। इसाबेल फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद में पुलकित सम्राट संग नजर आने वाली हैं। खबरों के अनुसार, फिल्म में पुलकित को अमन नाम के दिल्ली के लड़के का किरदार निभाते देखा जाएगा। वहीं, इसाबेल इसमें आगरा की रहने वाली लड़की की भूमिका में नजर आने वाली हैं। इसाबेल के साथ काम करने को लेकर पुलकित का कहना है, मुझे कहना होगा कि हमारी कैमेस्ट्री बहुत धमाकेदार है। सेट पर मौजूद सभी लोग कहते हैं कि हम साथ में शानदार लगते हैं। इसाबेल बहुत मेहनती हैं और सेट पर सभी को प्रभावित करती हैं। इस फिल्म को धीरज कुमार निर्देशित करेंगे, जो इससे पहले शरमन जोशी के साथ फिल्म काशी इन सर्च ऑफ गंगा बना चुके हैं। फिल्म सुस्वागतम खुशामदीद की शूटिंग इन दिनों मुंबई में चल रही है।

# दीपिका मोस्ट पॉपुलर स्टार्स इंडिया लव्स की सूची में फिर अव्वल

बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण साल 2020 की सबसे लोकप्रिय महिला सितारों की सूची में एक बार फिर से अव्वल आई हैं। हालांकि यह कोई पहली बार नहीं है, बल्कि दीपिका इससे पहले भी इस लिस्ट में टॉप पर आ चुकी हैं। दीपिका ने अपनी हर फिल्म के साथ एक कलाकार के तौर पर अपनी काबिलियत को साबित किया है और उनकी इसी खूबी के चलते उन्हें बॉलीवुड की द राइजिंग क्वीन कहा जाता है। पिछले 13 सालों में दीपिका ने दर्शकों के साथ जिस तरह से अपना रिश्ता बनाया है, वह बेहद सराहनीय है। एक ग्लोबल स्टार के रूप में पहचान बनाने के अलावा वह अपने देश में भी काफी चर्चित हैं। अभिनय की बात करें, तो आने वाले समय में दीपिका कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं, जिनमें से एक अभिनेता प्रभास के साथ नाग अश्विन की अगली फिल्म है। इसके अलावा, वह फिल्म द इंटर्न में भी शामिल हैं। इसके साथ ही दीपिका ने हाल ही में ऋतिक रोशन के साथ अपनी अगली एक्शन–फिल्म फाइटर की भी घोषणा की है।



# फिल्म धाकड़ ट्रेंड सेट करेगा

अभिनेत्री दिव्या दत्ता धाकड़ में कंगना रनौत और अर्जुन रामपाल के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। अभिनेत्री का कहना है कि उन्हें यकीन है कि जासूसी थ्रिलर एक ट्रेंड सेट करेगा। बुधवार को उनके चरित्र का परिचय देने वाला एक पोस्टर जारी किया गया। अभिनेत्री को फिल्म में रोहिणी नाम के एक इविल मास्टर के रूप में देखा जाएगा। उन्होंने कहा, जब मैंने अपने भाग को नैरेट किया तो, मैं बहुत एक्साइटेड हुई। ये कुछ ऐसा है, जो इससे पहले मैंने कभी नहीं किया। यह किरदार मेरे व्यक्तिगत व्यवहार से बिल्कुल अलग है। मैं अपने किरदार के बारे में अभी ज्यादा खुलासा नहीं कर सकती हूं, लेकिन मैं यह कह सकती हूं कि मेरे चरित्र की त्वचा में उतरने के लिए, रोहिणी ने मानसिक रूप से भी बहुत तैयारी की। उन्होंने कहा, मैं कंगना और अर्जुन के साथ काम करने की उम्मीद कर रही हूं और मैं वास्तव में एक महिला प्रधान एक्शन फिल्म का हिस्सा बनने के लिए तैयार हूं। मुझे यकीन है कि धाकड़ एक ट्रेंड सेट करेगी।





# सुशांत सिंह राजपूत के जन्मदिन पर कृति सेनन ने शेयर किया इमोशनल पोस्ट

सुशांत सिंह राजपूत भले ही अब इस दुनिया में नहीं हैं। लेकिन उनके जन्मदिन के मौके पर हरकोई उन्हें याद कर रहा है। सुशांत आज अगर हमारे बीच होते तो अपना 35वां जन्मदिन मनाते। सुशांत सिंह राजपूत की बर्थ एनिवर्सिरी पर उनकी करीबी दोस्त और को–स्टार कृति सेनन ने भी उन्हें याद किया है। कृति सेनन ने अपने इंस्टाग्राम पर सुशांत सिंह राजपूत की एक मुस्कुराते हुए तस्वीर शेयर कर लिखा, मैं ऐसे ही तुम्हें याद रखूंगी। बच्चों की तरह हंसते हुए.हैप्पी बर्थडे सुश, मुझे उम्मीद है कि तुम ऐसे ही शांति से मुस्कुरा रहे हो, तुम जहां भी हो। कृति सेनन ने सुशांत सिंह राजपूत की जो तस्वीर शेयर की है। उसमें एक तरफ लिखा है, जब मैं यहां होता था मैं खुद को तुम्हारे बारे में सोचता हुआ ही पाता था। इसके साथ ही इस पर एक हार्ट की इमोजी भी बनी हुई है। कृति के इस खूबसूरत पोस्ट को पढ़कर फैंस की आखें नम हो जा रही हैं। बता दें कि सुशांत सिंह राजपूत और कृति सेनन ने एक साथ फिल्म राब्ता में काम किया था। यहीं पर दोनों की दोस्ती हुई थी जो बाद में काफी मजबूत हो गई थी। खबरें तो यह भी थी कि ये दोनों स्टार्स एक दूसरे को डेट तक करने लगे थे। जिसकी वजह से सुशांत सिंह राजपूत और अंकिता लोखंडे के रिश्ते में भी दरार आ गई थी।

# फिल्म 'अर्थ' के रीमेक में नजर आ सकते हैं बॉबी देओल



बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल वेब सीरीज 'आश्रम' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। इस सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद से ही बॉलीवुड के कई जाने–माने डायरेक्टर अभिनेता के साथ काम करने के लिए बेताब हैं। ताजा खबरों की माने तो मेकर्स 1982 में आई क्लासिक फिल्म 'अर्थ' के रीमेक को बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस फिल्म में लीड रोल निभाने के लिए बॉबी देओल का नाम सामने आ रहा है। बताया जा रहा है कि महेश भट्ट ने 2016 में ही 'अर्थ' के राइट्स बेच दिए थे। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक मेकर्स इन दिनों इस फिल्म के नए वर्जन की तैयारी में हैं। खबरों के मुताबिक फिल्म में कुलभूषण खरबंदा के किरदार के लिए बॉबी देओल को चुना गया है। निर्माता अजय कपूर और शरत चंद्र अभिनेता के साथ चर्चा के अंतिम चरण में हैं। शरत चंद्रा ने कहा, 'हां सुपर टैलेंटेड बॉबी देओल कुलभूषण खरबंदा जी की 'अर्थ' रीमेक में मुख्य भूमिका में नजर आ सकते हैं। हम उनके साथ चर्चा के अंतिम चरण में हैं। उम्मीद की जा रही है कि 'अर्थ' के रीमेक का निर्देशन रेवती करेंगी। फिल्म में 2021 के फर्स्ट हाफ में फ्लोर पर जा सकती है।

# आमिर खान की हिट फिल्म सरफरोश का बनेगा सीक्वल

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान और सोनाली बेन्द्रे की फिल्म सरफरोश का सीक्वल बनने जा रहा है। इस फिल्म की खास बात यह है कि इसे सीआरपीएफ के कर्मियों को समर्पित किया जाएगा। फिल्म निर्माता जॉन मैथ्यू मैथन ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को यह फिल्म समर्पित करने की बात कही है। मैथन अपनी 1999 की सुपरहिट फिल्म सरफरोश के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार भी जीता था। सीक्वल की पटकथा के बारे में बात करते हुए, मैथ्यू ने कहा, मैंने 'सरफरोश 2' की पटकथा समाप्त करने से पहले इसे लगभग पांच से छह बार लिखा। यह वास्तव में सरफरोश 2 की पांचवीं पटकथा है, जिसे अंतिम रूप दिया गया है आपके पास अच्छे दोस्त होने चाहिए जो आपके अच्छे आलोचक हों। उन्होंने कहा कि फिल्म भारत की आंतरिक सुरक्षा के बारे में है। यह दिखाता है कि विभिन्न समस्याओं के बावजूद भारत की सुरक्षा कैसे मजबूत है। मैथ्यू ने कहा कि वह सीआरपीएफ कर्मियों को यह फिल्म समर्पित करेंगे। सरफरोश को जॉन मैथ्यू मैथन ने निर्देशित और निर्मित किया और उन्होंने इस फिल्म की कहानी–पटकथा भी लिखी थी। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा– गानों का फिल्मों में एक उद्देश्य होता है। जिस समय यह फिल्म बनी थी, उस समय संगीत राजस्व की दृष्टि से एक बड़ा घटक था। मुझे फिल्म में दो रोमांटिक गाने रखने का विचार पसंद नहीं आया था। उन्होंने आगे कहा, वर्तमान समय में, एक फिल्म–निर्माता को रोमांटिक गाने रखने के लिए मजबूर नहीं किया जाता है क्योंकि अब यह फिल्म विपणन की आवश्यकता भी नहीं है। फिल्म के गानों पर विचार करते हुए, उन्होंने खुलासा किया– गजल होश वालों को खबर क्या महत्वपूर्ण थी क्योंकि इसने एक दोहरे संदेश को व्यक्त किया। इसने भारत–पाकिस्तान की स्थिति पर प्रकाश डाला, इसके अलावा फिल्म को प्रेम–कहानी से भी जोड़ा अब, जब मैं सरफरोश–2 बना रहा हूं, तो मैं गानों की संख्या कम रख सकता हूं।

# हंगामा 2 की शूटिंग से पहले शिल्पा ने कराया कोरोना टेस्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने शहर में आगामी फिल्म हंगामा 2 की शूटिंग फिर से शुरू करने से पहले कोरोना टेस्ट करवाया। इसकी जानकारी अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम अकाउंट के जरिए दी। शिल्पा ने शेयर वीडियो को कैप्शन देते हुए लिखा, सेट पर वापस। कोरोना टेस्ट करवा लिया है। हंगामा 2 अपने रेट्रो वाइब्स में। ओजी क्वीन हेलेनजी के रुप में तैयार।



# रणबीर की 'एनिमल' में परिणीति चोपड़ा निभाएंगी यह किरदार !




बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट में बिजी है। 1 जनवरी को रणबीर की आने वाली फिल्म 'एनिमल' का ऐलान किया गया है। इस फिल्म में रणबीर कपूर के साथ अनिल कपूर, परिणीति चोपड़ा और बॉबी देओल भी नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक यह एक गैंगस्टर ड्रामा है। सूत्र ने कहा, परिणीति फिल्म में रणबीर की पत्नी की भूमिका निभाने जा रही हैं जबकि अनिल कपूर उनके पिता के किरदार में दिखाई देंगे। इस खबर के सामने आने के बाद से ही फैंस रणबीर कपूर और परिणीति चोपड़ा की जोड़ी को बड़े परदे पर देखने के लिए बेताब हैं। रणबीर कपूर इस फिल्म के अलावा बहुप्रतीक्षित फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' के कारण भी सुर्खियों में छाए हुए हैं। इस फिल्म में भी रणबीर कपूर पहली बार अपनी गर्लफ्रेंड आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगे। उम्मीद की जा रही है कि यह फिल्म इस साल सिनेमाघरों में दस्तक देगी।





# मृणाल ठाकुर ने छोड़ी आयुष्मान की फिल्म 'डॉक्टर जी'

बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना ने बीते दिनों अपनी आगामी फिल्म 'डॉक्टर जी' का ऐलान किया था। फिल्म में आयुष्मान के साथ मृणाल ठाकुर का नाम लीड एक्ट्रेस के तौर पर सामने आया था। यह पहला मौका था जब आयुष्मान और मृणाल पर्दे पर साथ दिखने वाले थे। ताजा खबरों के अनुसार, अब मृणाल ने फिल्म का हिस्सा बनने से इंकार कर दिया है। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, मृणाल के पास इस समय कई प्रोजेक्ट्स हैं। उन्होंने 'डॉक्टर जी' के लिए लॉकडाउन से पहले की डेट्स दी थी। लेकिन कोरोनावायरस के कारण फिल्म की शूटिंग टल गई। अब फिल्म की शूटिंग के लिए जो डेट्स फाइनल हुई हैं, वह मृणाल पहले ही अपनी अगली फिल्मों के लिए दे चुकी हैं। ऐसे में उनके पास इस फिल्म को छोड़ने के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा। 'डॉक्टर जी' में मृणाल एक दमदार किरदार में नजर आने वाली थीं। मेकर्स भी इस फ्रेश जोड़ी को पर्दे पर पेश करने के लिए काफी उत्साहित थे। हालांकि, अब फिल्म के लिए दूसरी एक्ट्रेस की तलाश की जा रही है। बता दें कि अनुभूति कश्यप के निर्देशन में बनी इस फिल्म को जंगली पिक्चर्स द्वारा प्रोड्यूस किया जा रहा है। फिल्म की कहानी सौरभ भारत और विशाल बाघ ने लिखी है। फिल्म में स्त्री रोग से जुड़ी समस्याओं के बारे में दिखाया जाएगा। पहले इस फिल्म को 'स्त्री रोग विभाग' शीर्षक दिया गया था। लेकिन बाद में इसे बदलकर 'डॉक्टर जी' कर दिया गया।



# रूट का 19वां टेस्ट शतक, इंग्लैंड के चार विकेट पर 181 रन



**गॉल,एजेंसी।** कप्तान जो रूट ने अपने करियर का 19वां टेस्ट शतक जमाया जिससे इंग्लैंड ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन रविवार को यहां लंच तक चार विकेट पर 181 रन बनाये। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 381 रन बनाये थे और इस तरह से इंग्लैंड अभी उससे 200 रन पीछे है। लंच के समय रूट 105 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने अब तक 153 गेंदें खेली हैं और 14 चौके लगाये हैं। उनके साथ दूसरे छोर पर जोस बटलर 30 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों ने पांचवें विकेट के लिये अभी तक 49 रन जोड़े हैं। रूट ने तब क्रीज पर कदम रखा था जबकि इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज पवेलियन लौट गये थे और स्कोर दो विकेट पर पांच रन था। इंग्लैंड ने शनिवार को दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट पर 98 रन बनाये थे और तब रूट 67 रन बनाकर खेल रहे थे। विकेट से काफी टर्न मिल रहा था और इसलिए रूट ने रविवार को सुबह अधिक सतर्कता बरती। इंग्लैंड ने पहले सत्र में दो विकेट गंवाये। ये दोनों विकेट बायें हाथ के स्पिनर लेसिथ एम्बुलडेनिया ने लिया। अभी तक इंग्लैंड के चारों विकेट इस स्पिनर ने ही लिये हैं। एम्बुलडेनिया ने सुबह एक छोर से लगातार डेढ़ घंटे तक गेंदबाजी की तथाइस बीच कल के अविजित बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टॉ (28) और डेनियल लॉरेन्स (तीन) को आउट किया। एम्बुलडेनिया ने सुबह छठे ओवर में ही बेयरस्टॉ को दूसरी स्लिप में ओशादा फर्नांडो के हाथों कैच कराया। अंपायर ने अपील ठुकरा दी लेकिन श्रीलंका ने डीआरएस का सहारा लिया और उसका यह फैसला सही साबित हुआ। रूट और बेयरस्टॉ ने तीसरे विकेट के लिये 111 रन की साझेदारी की। लॉरेन्स शुरू से स्पिन गेंदों के सामने जूझते नजर आये। उन्होंने पहली स्लिप में लाहिरू तिरिमाने को कैच दिया। अपना 99वां टेस्ट मैच खेल रहे रूट को स्पिन के सामने कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने दिलरूवान परेरा पर एक रन लेकर लगातार दूसरे टेस्ट मैच में शतक पूरा किया। इंग्लैंड ने पहला टेस्ट मैच सात विकेट से जीता था।

## मोनाको ने मासेर्ली को हराया, नीस भी जीता

**पेरिस, एजेंसी।** मोनाको ने अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार जारी रखते हुए फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में मासेर्ली को 3-1 से हराया जबकि नीस ने भी अपना मैच जीता। मासेर्ली की टीम को शुरू में बढ़त हासिल करने के बावजूद लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। मासेर्ली ने नेमांजा रादोनिच के 12वें मिनट में किये गये गोल से बढ़त बनायी लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। मोनाको के लिये गुलेरमो मैरिपन ने 47वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इसके बाद ऑरलियन चाउमेनी ने 75वें और स्टीवन जोवेटिच ने इंजुरी टाइम में गोल कर-के मोनाको को अच्छी जीत दिलायी। अब चौथे स्थान पर काबिज मोनाको और तीसरे स्थान की टीम लियोन के बीच केवल एक अंक का अंतर रह गया है। मासेर्ली पहले की तरह छठे स्थान पर है। एक अन्य मैच में युसूफ अताल के गोल की मदद से नीस ने लेन्स को 1-0 से हराया। इस विंगर ने 49वें मिनट में यह गोल दागा। इस जीत से नीस 13वें स्थान पर पहुंच गया है।

# भारत की जूनियर महिला हॉकी टीम ने चिली को 2-0 से हराया



**सैंटियागो, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी जूनियर टीम ने अपनी जीत की लय को बरकरार रखते हुए चिली की सीनियर टीम को एक बेहद कड़े मुकाबले में 2-0 से पराजित कर दिया। चिली के दौरे पर गयी जूनियर टीम ने यहां शनिवार को प्रिंस ऑफ वेल्स कंट्री क्लब के मैदान पर पांचवें मैच में मेजबान टीम को गोल करने का कोई मौका न देते हुए मैच अपने नाम कर लिया। चिली की राजधानी सैंटियागो में खेले गए इस मैच में भारत की ओर से पहला गोल संगीता कुमारी ने 48वें मिनट में किया जबकि सुषमा कुमारी ने 56वें मिनट में गोल दागा। दोनों ही गोल मैच के अंतिम क्वार्टर में किए गए। मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली और पहले तीन क्वार्टरों में दोनों टीमों में से कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई हालांकि दोनों ही टीमों को गोल करने के कई मौके मिले। दूसरे क्वार्टर में भारत को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम उन्हें गोल में तब्दील नहीं कर पाई। मैच के तीसरे क्वार्टर में भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई। इसके बाद मैच के चौथे और अंतिम क्वार्टर में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और 2-0 से मैच अपने नाम कर लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### एस्टन विल्ला ईपीएल के शीर्ष दस में पहुंचा

**बर्मिंघम, एजेंसी।** एस्टन विल्ला ने फिर से जीत की राह पकड़ते हुए न्यूकास्टल को 2-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में शीर्ष 10 में जगह बना ली। एस्टन विल्ला की तरफ से पहला गोल ओली वाटकिन्स ने किया। वाटकिन्स को इस क्लब ने रिकार्ड धनराशि में खरीदा था लेकिन यह 10 मैचों में उनका पहला गोल था। वाटकिन्स ने 13वें मिनट में गोल किया। बर्टैंड ट्राओरे ने मध्यांतर से ठीक पहले टीम की बढ़त दोगुनी की। एस्टन विल्ला के अब 17 मैचों में 29 अंक हो गये हैं और वह आर्सनल, साउथम्पटन और चेल्सी को पीछे छोड़कर आठवें स्थान पर पहुंच गया है। आर्सनल के 27 अंक हैं जबकि साउथम्पटन और चेल्सी दोनों के भी 29 अंक हैं लेकिन एस्टन विल्ला गोल अंतर में उनसे आगे है। न्यूकास्टल की यह आठ मैचों में छठी हार है और वह 16वें स्थान पर खिसक गयी है।

### जिदान के बिना रीयाल मैड्रिड की बड़ी जीत

**बार्सिलोना, एजेंसी।** एडेन हेजार्ड के शानदार प्रदर्शन और करीम बेंजेमा के दो गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने कोरोना वायरस से संक्रमित अपने कोच जिनेदिन जिदान की अनुपस्थिति में एल्विस पर 4-1 की बड़ी जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। रीयाल मैड्रिड की तरफ से कासेमीरो ने 15वें मिनट में पहला गोल किया जिसके बाद बेंजेमा ने 41वें मिनट में हेजार्ड के खूबसूरत पास को गोल में बदला। बेल्जियम के फारवर्ड हेजार्ड ने पहले हाफ के इंजुरी टाइम में इस सत्र का अपना तीसरा गोल किया। जोसेलु मातो ने एल्विस की तरफ से 59वें मिनट में पहला गोल किया लेकिन बेंजेमा 70वें मिनट में अपना दूसरा गोल करने में सफल रहे। इस जीत से रीयाल ने शीर्ष पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से अंतर कम कर दिया है। रीयाल के 19 मैचों में 40 जबकि एटलेटिको के 17 मैचों में 44 अंक हैं। एक अन्य मैच में यूसुफ एन नेसरी की हैट्रिक की मदद से सेविला ने कैडिज को 3-0 से हराया। इससे सेविला की टीम बार्सिलोना को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। रीयाल बेटिस और सोसिडाड के बीच खेला गया एक अन्य मैच 2-2 से बराबरी पर छूटा।

### बाराजुट्टी की जगह इटली की डेविस कप टीम के कप्तान बने वोलैंड्री

**रोम, एजेंसी।** एक समय विश्व रैंकिंग में शीर्ष 25 में शामिल रहे फिलिपो वोलैंड्री को इटली की डेविस कप टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। वह कोरैडो बाराजुट्टी की जगह लेंगे जो 20 साल तक इस पद पर रहे। बाराजुट्टी पूर्व में इटली की फेड कप टीम के कप्तान भी रहे। उनके रहते हुए महिला टीम ने चार खिताब जीते थे। उनके स्थान पर 2016 में तातियाना गार्बिन को फेड कप टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। बाराजुट्टी इटली की उस टीम का हिस्सा थे जिसने 1976 में डेविस कप जीता था। वोलैंड्री 2018 से इटली के राष्ट्रीय तकनीकी निदेशक हैं। इटली टेनिस महासंघ के अध्यक्ष एंजेलो बिनागी ने कहा, ह्यह्यपहले खिलाड़ी और बाद में कोच के रूप में हमारे अभियान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये इटली का टेनिस समुदाय हमेशा कोरैडो बाराजुट्टी का आभारी रहेगा।

### मौजूदा चैंपियन आर्सनल एफए कप से बाहर, मैनचेस्टर सिटी उलटफेर से बचा

**साउथम्पटन,एजेंसी।** पिछले सत्र का एफए कप विजेता आर्सनल गैब्रियल के आत्मघाती गोल के कारण साउथम्पटन से हारकर इस फुटबॉल प्रतियोगता के चौथे दौर से ही बाहर हो गया जबकि मैनचेस्टर सिटी को भी चौथी श्रेणी की टीम चेल्टनहैम को 3-1 से हराने के लिये संघर्ष करना पड़ा। आर्सनल और साउथम्पटन के बीच मैच काफी करीबी रहा लेकिन गैब्रियल का काइल वाकर पीटर्स का शॉट रोकने का प्रयास आखिर में निर्णायक साबित हुआ। वाकर पीटर्स के पास गोल करने का मौका था लेकिन लग रहा था कि उनका शॉट बाहर चला जाएगा। ऐसे में गैब्रियल ने उसे रोकने की कोशिश की लेकिन गेंद उनके पांव से लगकर गोल में चली गयी।

# लंबे समय तक बायो बबल में रहकर खेलना मुश्किल : डुप्लेसिस



**कराची, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष बल्लेबाज फाफ डु प्लेसिस का मानना है कि जैव सुरक्षित वातावरण (बायो बबल) में रहकर क्रिकेट खेलना खिलाड़ियों के लिये जल्द ही बड़ी चुनौती बन सकता है और लंबे समय तक ऐसा करना संभव नहीं होगा। क्रिकेटरों को कोविड-19 महामारी के कारण कड़े दिशानिदेर्शों का पालन करना पड़ रहा है। डुप्लेसिस ने वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में कहा, हम समझते हैं कि यह बेहद कड़ा सत्र रहा और कई लोगों को इस चुनौती से जूझना पड़ा लेकिन अगर एक के बाद एक जैव सुरक्षित वातावरण में जिंदगी गुजारनी पड़ी तो यह बेहद चुनौतीपूर्ण होगा। दक्षिण अफ्रीका की टीम अभी दो टैस्ट मैचों और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिये पाकिस्तान में है। पहला टेस्ट मैच 26 जनवरी से कराची में जबकि दूसरा टेस्ट चार फरवरी से रावलपिंडी में खेला जाएगा। इसके बाद 11 से 14 फरवरी के बीच लाहौर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले जाएंगे। डुप्लेसिस ने कहा, मुख्य प्राथमिकता क्रिकेट खेलना है। घर में बैठे रहने के बजाय बाहर निकलकर वह काम करना जो हमें पसंद है, इसलिए अब भी यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है। लेकिन मुझे लगता है कि ऐसा समय आएगा जब खिलाड़ी इससे (बायो बबल) उब जाएंगे। इस स्टार बल्लेबाज ने कहा कि महामारी के कारण कई महीनों तक बनी अनिश्चितता के बाद जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट शुरू हुआ तो कई खिलाड़ी लगातार दौरे कर रहे हैं और जैव सुरक्षित वातावरण में अपनी जिंदगी बिता रहे हैं। उन्होंने कहा, अगर आप पिछले आठ महीनों के कैलेंडर पर गौर करो तो आप देखोगे कि खिलाड़ियों ने चार से पांच महीने बायो बबल में बिताये हैं जो कि बहुत अधिक है। कुछ खिलाड़ी महीनों तक अपने परिवार से नहीं मिले जो कि चुनौतीपूर्ण हो सकता है। डुप्लेसिस ने कहा, मैं अभी अच्छी स्थिति में हूं। मैं अब भी प्रेरित महसूस कर रहा हूं लेकिन मैं केवल अपने बारे में बात कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि लगातार एक बायो बबल से दूसरे बायो बबल में रहना संभव होगा। मैंने कई खिलाड़ियों को इस बारे में बात करते हुए देखा और सुना है। मुझे नहीं लगता कि यह लंबे समय तक संभव है।

## भारत के खिलाफ शुरूआती 2 टेस्ट में बेयरस्टो को आराम देने पर भड़के नासिर हैुसन



**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन का मानना है चयनकताओं ने भारत के खिलाफ चार टेस्ट मैचों की सीरीज के पहले दो मैचों के लिए जॉनी बेयरस्टो को आराम देने का निर्णय करके गलती की है। हुसैन ने इंग्लैंड के चयनकताओं से अपने फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए कहा है। बेयरस्टो ने श्रीलंका के खिलाफ पिछले सप्ताह गॉल में पहले टेस्ट मैच में 47 और नाबाद 35 रन बनाए थे। बेयरस्टो को पहले दो टेस्ट मैचों से बाहर रखना इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड की खिलाड़ियों को व्यस्त कार्यक्रम के बीच विश्राम देने की नीति का हिस्सा है। इंग्लैंड को इस कैलेंडर वर्ष में 17 टेस्ट और आईसीसी टी20 विश्व कप में भाग लेना है। हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स से कहा, 'मेरे कहने का मतलब है कि यह चिंता का विषय है क्योंकि वह स्पिन के खिलाफ इंग्लैंड के तीन सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। इन तीन खिलाड़ियों में जो रूट और बेन स्टोक्स के साथ बेयरस्टो शामिल हैं लेकिन उन्हें स्वदेश लौटने के लिए कहा गया है और बाकी चेन्नै जा रहे हैं।' बकौल हुसैन, 'इस पर पुनर्विचार करना होगा। खिलाड़ी जिस दौर से गुजरे हैं वह दुस्वप्न जैसा है।

# 'सर' जडेजा ने खोला राज, कहा पैड पहन लिये थे और इंजेक्शन भी ले लिया था



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के स्टार ऑल राउंडर रविंद्र जडेजा ने शनिवार को कहा कि अंगूठे में फ्रेक्चर के बावजूद वह सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रा हुए तीसरे टेस्ट के दौरान 10-15 ओवर बल्लेबाजी करने के लिये मानसिक रूप से तैयार थे और उन्होंने इसके लिये पैनकिलर इंजेक्शन भी ले लिया था। जडेजा को सिडनी टेस्ट की पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए अंगूठे में चोट लग गयी थी जिसके बाद वह छह हफ्ते के लिये क्रिकेट से बाहर हो गए। इससे वह पांच फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रही चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाएंगे। जडेजा ने एक एजेंसी से कहा, मैं तैयार था, पैड पहन लिये थे। इंजेक्शन भी ले लिया था। मैं सोच रहा था कि मैं कम से कम 10 से 15 ओवर तक बल्लेबाजी करूंगा और मानसिक रूप से योजना बना रहा था कि पारी कैसे खेलूंगा, कौन से शॉट खेलूंगा क्योंकि फ्रेक्चर से दर्द के कारण मेरे लिये सभी तरह के शॉट खेलना संभव नहीं था। जडेजा ने कहा, मैं भी हिसाब लगा रहा था कि तेज गेंदबाजों की गेंदों का सामना कैसे करूंगा, वे मुझे गेंद कहां पिच करेंगे। मैं अपनी भूमिका की योजना बना रहा था कि मैं जब 10-15 ओवर बल्लेबाजी करूंगा तो ऐसा करूंगा। लेकिन जडेजा को बल्लेबाजी के लिये उतरने की जरूरत हीं नहीं पड़ी क्योंकि रविचंद्रन अश्विन और हनुमा विहारी ने पांचवें दिन 256 गेंद का डटकर सामना किया और यादगार ड्रा कराया। जडेजा ने कहा, यहां तक कि मैंने टीम प्रबंधन से भी बात की थी कि मैं सिर्फ तभी बल्लेबाजी करूंगा, अगर भारत उस दहलीज पर पहुंच जाता है, जहां मैच जीता जा सकता है। पुजारा और ऋषभ पंत अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने साझेदारी बनाई।

## आर्चर और स्टोक्स समेत 15 सदस्यीय इंग्लिश टीम पहुंची चेन्नई



**चेन्नई, एजेंसी।** भारत के खिलाफ पांच फरवरी से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर, ऑलराउंडर बेन स्टोक्स, बल्लेबाज रॉरी बर्न्स और जोनाथन ट्रॉट समेत 15 सदस्यीय इंग्लिश टीम रविवार को चेन्नई पहुंच गयी। चेन्नई के चेपक स्टेडियम में खेले जाने वाले सीरीज के पहले दो मैचों के लिए इंग्लैंड के कुछ रिजर्व खिलाड़ियों को भी इस दल में शामिल किया गया है। यह सभी खिलाड़ी इस समय श्रीलंका के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज का हिस्सा नहीं हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज के शुरूआती दो मैच चेन्नई में आयोजित किए जायेंगे जबकि शेष दो टेस्ट और पांच टी-20 मैच अहमदाबाद में आयोजित किए जायेंगे। इसके बाद तीन वनडे पुणे में होंगे। इंग्लैंड की टीम के शेष खिलाड़ी अलग-अलग समूहों में 27 जनवरी को श्रीलंका से सीधे चेन्नई पहुंचेंगे। कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी के मद्देनजर चेन्नई पहुंचे इंग्लैंड के सभी खिलाड़ियों और टीम के अन्य सदस्यों की कोरोना जांच की जायेगी और उन्हें कुछ दिनों तक शहर के एक होटल में ठहराया जायेगा। भारत और इंग्लैंड के सभी खिलाड़ियों के अलावा दोनों टीमों तथा मैच से जुड़े अन्य अधिकारियों को लीला पैलेस होटल में कोरोना के मद्देनजर जैव सुरक्षित वातावरण में रखा जायेगा।



## मुश्किल दौर से गुजर रही हैं साइना, वापसी आसान नहीं : कोच विमल कुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन और कोच यू. विमल कुमार ने कहा है कि लंदन ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता साइना नेहवाल अपने करियर के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। विमल ने कहा कि साइना और ज्यादा मैच न हरें इसके लिए जरूरी है कि वह अपना ख्याल रखें। इस समय विश्व की नंबर-20 खिलाड़ी साइना इस समय जारी टोयोटा थाइलैंड ओपन के दूसरे दौर में ही हार कर बाहर हो गई थीं। इससे पहले वे योनेक्स थाइलैंड ओपन में भी दूसरे दौर में बाहर हो गई थीं। कुमार ने कहा, 'उनके लिए वापसी करना आसान नहीं होगा। मैंने हमेशा कहा है कि अगर उन्हें दर्द नहीं होगा तो वह हमेशा अच्छा खेलेंगी। दर्द से ज्यादा वो पूरी तरह से फिट नहीं लग रही थीं। हो सकता है कि इसका कारण कोविड हो और अब वह इससे उबर रही हों।' दो बार के राष्ट्रीय चैम्पियन कुमार ने कहा कि साइना अपने करियर के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे भी लगता है। बीते कुछ वर्षों से चीजें उनके लिए सही नहीं रही हैं।

## राजस्थान रॉयल्स टीम से जुड़े कुमार संगकारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 14वें सीजन से पहले राजस्थान रॉयल्स फ्रेंचाइजी टीम ने श्रीलंका के पूर्व कप्तान और स्टार क्रिकेटर रहे कुमार संगकारा को एक बड़ी जिम्मेदारी दी है। कुमार संगकारा राजस्थान रॉयल्स टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से इसकी घोषणा की है। राजस्थान रॉयल्स के लिए आईपीएल का 13वां सीजन बिल्कुल अच्छा नहीं रहा था और टीम प्वॉइंट टेबल में सबसे नीचे रही थी। आईपीएल के 14वें सीजन का मिनी ऑक्शन फरवरी में होना है। इससे पहले सभी फ्रेंचाइजी टीमों ने अपने रिलीज्ड और रिटेन्ड खिलाड़ियों की लिस्ट की घोषणा कर दी है। राजस्थान रॉयल्स की बात करें तो टीम ने कप्तान स्टीव स्मिथ को इस बार रिलीज कर दिया है। राजस्थान रॉयल्स टीम की बात करें तो यह टीम एक आईपीएल खिताब अपने नाम कर चुकी है।